“अपने मूल स्वभाव को जानना ही मुक्ति है।”
रमण महर्षि

RNI. MPHIN/2016/68439

दैनिक
# मेल पॉवर


पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-95 | भोपाल, मंगलवार 2 सितम्बर 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित


## न्यूज, ब्रीफ

### 4 करोड़ की स्मैक के साथ 6 गिरफ्तार

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में पुलिस ने 4 करोड़ रुपए की स्मैक के साथ दो पुलिस कर्मियों समेत कुल 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में एक नाबालिग भी है। पुलिस को आरोपी तस्करों के कब्जे से एक कार, 5 मोबाइल और 3490 रुपये कैश समेत करीब 1340 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ रुपए बताई जा रही है। हैरानी की बात ये है कि इस मामले में दो पुलिस कर्मी भी शामिल हैं। जिनको तस्करों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने पूरे मामले को लेकर बयान भी दिया है। उन्होंने कहा कि 2 पुलिसकर्मियों समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी तस्करों को जेल भी भेजा जा चुका है।

### भूस्खलन से चार लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में रेड अलर्ट के बीच रविवार से जारी जोरदार बारिश ने तबाही मचाई है। जगह-जगह भूस्खलन से व्यापक नुकसान हुआ है। शिमला की जुन्गा तहसील में पटवार सर्कल डबलू के उप मोहाल जोत में एक घर भूस्खलन की चपेट में आ गया। हादसे में पिता और पुत्री की मौत हो गई है। मृतक की पहचान वीरेंद्र कुमार (35), पुत्र जय सिंह निवासी पटवार सर्कल डबलू के उप मोहाल जोत के रूप में हुई है। हादसे में उसकी 10 वर्षीय बेटी की भी मौत हो गई है। इसके साथ ही मवेशियों की भी मौत हो गई। घटना में मृतक की पत्नी बाल-बाल बच गई, क्योंकि वह उस समय घर के बाहर थीं।

### अगस्त में 1.86 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

नई दिल्ली। सरकार ने अगस्त 2025 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.86 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.5 की बढ़ोतरी हुई है। सोमवार 1 सितंबर को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी अगस्त 2024 में सरकार ने 1.75 लाख करोड़ रुपए जीएसटी कलेक्ट किया था। वहीं पिछले महीने जुलाई के मुकाबले अगस्त का कलेक्शन 10 हजार करोड़ रुपए घटा है। जुलाई में 1.96 लाख करोड़ रुपए जीएसटी वसूला गया था। इससे पहले अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में जुटाए गए थे। जुलाई महीने में देश में जीएसटी लागू हुए 8 साल पूरे हो गए। 1 जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू किया गया था। इस दौरान टैक्स कलेक्शन के आंकड़ों ने नया रिकॉर्ड बनाया था। वित्त वर्ष 2024-25 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 22.08 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो 5 साल पहले 2020-21 में सिर्फ 11.37 लाख करोड़ था। यानी, 5 साल में टैक्स वसूली लगभग दोगुनी हो गई है। 2024-25 में हर महीने औसत जीएसटी कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपए रहा। ये 5 साल पहले 2020-21 में 95 हजार करोड़ रुपए था।



# सीमा विवाद से विकास साझेदारी तक: मोदी-शी की मुलाकात में रिश्तों का नया अध्याय खुला

## सीमा से आगे, विकास के संग: मोदी-शी संवाद

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली चीन यात्रा वह लंबा इंतजार था, जब सीमा विवाद और अमेरिका के साथ बिगड़ते संबंधों की छाया गहराने लगी थी। इतनी जटिल परिस्थितियों के बावजूद, भारत और चीन ने इस मुलाकात में अपनी गहरी साझेदारी और भरोसे की बहाली की कोशिशें दिखाई। यह पहली बार था जब दोनों देशों ने अपने संबंधों को विकास साझेदार, प्रतिद्वंद्वी नहीं के रूप में परिभाषित किया। भारतीय पक्ष का यह नजरिया न सिर्फ उनके बयान में आया, बल्कि चीनी बयान में भी साफझसाफ दशार्या गया– जब तक दोनों देश साझेदारी की मूल भावना के साथ आगे बढ़ते हैं और एक-दूसरे के लिए अवसर पैदा करते हैं, तब तक संबंधों में मजबूती और स्थिरता बनी रहेगी। इस नए रास्ते ने वर्षों पुराने तनाव और अविश्वास को पीछे छोड़ते हुए विकास के एजेंडे पर फोकस किया,



## शांति, स्वायत्तता और सहयोग: एशिया की नयी परिभाषा

### ट्रंप की टैरिफ दीवार ने बढ़ाई दूरी, पर भारत-चीन की नजदीकी बढ़ी

डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों ने भारत-चीन रिश्तों को अप्रत्यक्ष रूप से नई दिशा दी। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ ने दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बनाया और साझा चुनौतियों का एहसास कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की हालिया मुलाकात में यह साफ झलका कि भारत और चीन अब खुद को केवल प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि सहयोगी भागीदार के रूप में देखना चाहते हैं। मोदी ने स्पष्ट कहा कि रणनीतिक स्वायत्तता भारत की विदेश नीति का मूल है और किसी तीसरे देश के दृष्टिकोण से रिश्तों को नहीं देखा जाएगा।

### सीमा विवाद की परछाई से उभरता भरोसे का उजाला

भारत,चीन संबंध हमेशा से उतार चढ़ाव और जटिलताओं से भरे रहे हैं। सीमा विवाद, अमेरिका के साथ समीकरण और वैश्विक राजनीति की चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली चीन यात्रा विशेष महत्व रखती है। बीजिंग में हुई इस ऐतिहासिक मुलाकात ने दोनों देशों को विकास साझेदार, प्रतिद्वंद्वी नहीं की नई परिभाषा दी। यह दृष्टिकोण केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि द्विपक्षीय बयानों में भी स्पष्ट झलका। मोदी और शी जिनपिंग के बीच हुई चर्चा में न केवल आर्थिक सहयोग और निवेश विस्तार पर जोर दिया गया।

# गौतम अडानी की कंपनी बनाएगी स्टील्थ फाइटर जेट

## 15000 करोड़ के प्रोजेक्ट पर दांव खेलने की तैयारी

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी की कंपनी अब फाइटर जेट्स बनाएगी। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने रक्षा मंत्रालय के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट प्रोग्राम में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, जो भारत की प्रमुख पांचवीं पीढ़ी की स्टील्थ लड़ाकू विमान परियोजना है। कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा कि यह प्रोग्राम अभी रुचि पत्र के चरण में है और इसे लेकर 30 सितंबर तक प्रतिक्रियाएं देनी हैं। एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट स्टील्थ जेट परियोजना के लिए बोली लगाने की लास्ट डेट 30 सितंबर है और अडानी डिफेंस ने इसमें अपनी रुचि की पुष्टि की है। राजवंशी के मुताबिक, एएमसीए का प्रोजेक्ट 10 साल के डेवलपमेंट प्रोग्राम है, जिसके तहत पहला लड़ाकू विमान 2034-35 तक भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा



कि सफलता मिलने पर हम बाद में तेज प्रोडक्शन शुरू करेंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में एएमसीए प्रोग्राम को मंजूरी दी है, जिससे पहली बार इस कार्यक्रम को सरकारी और प्राइवेट दोनों सेक्टर्स की भागीदारी के लिए खोला गया है। सरकार ने इस परियोजना पर शुरूआती चरण में करीब 15,000 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान लगाया है, जिसमें एडीए ने प्रोटोटाइप डेवलपमेंट, टेस्टिंग और प्रमाणन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए बिजनेस ग्रुप्स को आमंत्रित किया गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए क्रिएटर्स अवाड्र्स

# मध्यप्रदेश में भी दिये जायेंगे स्टेट क्रिएटर्स अवाड्र्स : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भोपाल में हुई क्रिएटर्स समिट - 2025

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज हम डिजिटल युग में जी रहे हैं। सूचनाओं और घटनाओं का प्रसार बड़ी तेजी से होता है। ऐसे दौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि आप लोग जो भी कंटेंट वायरल करेंगे, वही समाज तक पहुंचेगा। इसलिए अपने प्रभाव और ताकत का समाजहित में सही दिशा में सदुपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि सभी क्रिएटर्स को अपने दायित्व को समझते हुए अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल समाज और देश के विकास में करना चाहिए। यही सच्ची समा सेवा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की पहुंच और प्रभाव का उपयोग शासकीय



योजनाओं और विकास कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में किया जा सकता है। इसीलिए हमारे सरकार प्रदेश में सोशल मीडिया के जरिए पब्लिक नेटवर्किंग को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रिएटर्स से कहा कि वे सरकार के कामों को भी जनता तक पहुंचाये, सरकार क्रिएटर्स को सभी जरूरी मदद और सुविधाएं प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि अब मध्यप्रदेश में स्टेट क्रिएटर्स अवार्ड दिए जायेंगे। इसकी रूपरेखा जल्द ही तैयार की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार की रात भोपाल के एक निजी होटल में आयोजित भोपाल क्रिएटर्स समिट - 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां क्रिएटर्स द्वारा आयोजित टाक शो में भी हिस्सा लिया। टॉक शो में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में सोशल मीडिया से जुड़े क्रिएटर्स को सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। समिट में प्रदेश भर से आए यूट्यूबर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और डिजिटल आर्टिस्ट्स ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कंटेंट मॉनेटाइजेशन, ऑडियंस इंगेजमेंट और डिजिटल दुनिया के नए ट्रेंड्स पर गहन चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 17 प्रकार की अवार्ड कैटेगरी में बेस्ट परफॉर्मर क्रिएटर्स को ह्यक्रिएटर्स अवाड्र्सह्ण भी प्रदान किए। समिट में सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि क्रिएटर्स ने दुनिया की सोच बदल दी है। ये एक नई तरह की आरेन्ज इकानामी है जो अब दुनिया में 6 ट्रिलियन डातर की हो गई है। उन्होंने कहा कि आप अपनी क्रियेटिव सोच के साथ आगे बढ़, सरकार आपके अच्छे काम में आपके साथ है। कार्यक्रम में डिजिटल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले क्रिएटर्स को भी सम्मानित किया गया।

# दक्षिण अफ्रीका बी एल डब्लू से 3100 अश्व शक्ति का इंजन खरीदेगा



**वाराणसी।** दक्षिण अफ्रिका के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने मेसर्स सिको अफ्रिका इनर्जी एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर, दक्षिण अफ्रिका के मुख्यि कार्यकारी अधिकारी शिवप्रगसेन नायडू के नेतृत्व में बरेका में लोको निर्माण की सुविधाओं एवं क्षमताओं का जायजा लेने के लिए दिनांक 01सितम्बर,2025 को बनारस रेल इंजन कारखाना( इछह )का दौरा किया। दक्षिण अफ्रिकी प्रतिनिधि मण्डल के बरेका आगमन का मुख्य उद्देश्य भारतीय रेल में सेवारत 3100 अश्व शक्ति ब्रॉड गेज अल्को लोकोमोटिव को केप गेज में परिवर्तन के उपरांत खरीदना है, जिसके लिए प्रतिनिधि मण्डल ने लोको की तकनीकी जानकारी ली, बरेका की उत्पादन एवं डिजाइन क्षमताओं को देखा। इन पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल में शिवप्रगसेन नायडू, सुश्री मेसेला मैरी न्हालापो, इवान प्रिन्स्लू, मुनीश गुप्ता तथा वॉन जोहान क्रिस्टियान इक शामिल थे। सर्वप्रथम मुख्य यांत्रिक इंजीनियर-उत्पादन एवं विपणन सुनील कुमार ने प्रतिनिधि मंडल के बरेका आगमन पर स्वागत किया। तत्पश्चात प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर सुशील कुमार श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिनिधि मण्डल के साथ मुलाकात की। तदोपरांत प्रतिनिधि मण्डल ने लोको निर्माण की सुविधाओं एवं क्षमताओं का जायजा लेने हेतु कारखाना भ्रमण किया।

# जम्मू में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का केंद्रीय मंत्री शाह ने किया हवाई सर्वेक्षण

## सीएम और राज्यपाल के साथ की बैठक

**जम्मू।** जम्मू में बाढ़ के कारण हुई तबाही के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हालात का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ समीक्षा बैठक



की। इस बैठक में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा भी शामिल थे। बैठक के बाद, केंद्रीय मंत्री शाह ने मंगूचक सहित बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुककर नदी के किनारे हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया। वे बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए रविवार रात को जम्मू पहुँचे थे। 14 अगस्त से किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन ज़िलों में बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से 130 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 33 लोग अभी भी लापता हैं। 26-27 अगस्त को हुई रिकॉर्ड बारिश से जम्मू और अन्य मैदानी इलाकों के निचले हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुँचा। मृतकों में 34 तीर्थयात्री भी शामिल हैं, जो 26 अगस्त को माता वैष्णो देवी मंदिर जाते समय भूस्खलन की चपेट में आ गए थे।

# अफगानिस्तान में भूकंप से 800 से ज्यादा की मौत

## 2500 से ज्यादा घायल, कई गांव हुए तबाह

**काबुल।** बीती रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में भीषण भूकंप आया है। इससे कई घरों और भवनों को नुकसान हुआ है। इस मलबे में दबकर 800 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई जबकि 2500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस भूकंप में कई गांव पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 800 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रिक्टर स्कैल पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई और इसका केंद्र जमीन से केवल 8 किलोमीटर की गहराई पर था। इसके कारण भारी तबाही की आशंका जताई जा रही है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में मलबे में दबे घरों और घायलों को बाहर निकालने की कोशिश करते लोगों की तस्वीरें देखी जा सकती हैं। एक तस्वीर में एक व्यक्ति मलबे के बीच रोते हुए नजर आ रहा है, जो इस दुखद घटना की गंभीरता को दशार्ता है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी बयान में बताया गया कि भूकंप का केंद्र कुनर प्रांत के हिंदू कुश क्षेत्र में था, जिसने नूरगल, सूकी, वतपुर, मानोगी और चपे-दरे जैसे दूरदराज के इलाकों को बुरी तरह प्रभावित किया है। स्थानीय अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि मरने वालों की



संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई गांवों तक राहत और बचाव कार्यों की पहुंच अभी तक नहीं हो पाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि हिंदू कुश क्षेत्र का भूकृतिकीय रूप से सक्रिय होना इस तरह की आपदाओं का कारण है जहां यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेट्स आपस में टकराती हैं। मौजूदा स्थिति में चिकित्सा शिविरों की स्थापना और भोजन-पानी की आपूर्ति की मांग बढ़ गई है, क्योंकि कई परिवार बेघर हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस संकट पर चिंता जताई है और राहत सामग्री भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। संयुक्त राष्ट्र के आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा कि वे प्रभावित क्षेत्रों का आकलन करने के लिए जल्द ही अपनी टीम भेजेंगे। तालिबान सरकार के पास सीमित संसाधन हैं और वे संयुक्त राष्ट्र और अन्य मानवीय संगठनों से तत्काल मदद की उम्मीद कर रहे हैं।

# सेक्सुअल एजुकेशन को लेकर 12वीं के छात्र ने दायर की याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया। यह नोटिस कक्षा 12 के एक छात्र द्वारा दायर याचिका पर दिया गया। याचिका में स्कूल के पाठ्यक्रम और एनसीईआरटी व एससीईआरटी द्वारा तैयार की जाने वाली पुस्तकों में कंप्रिहेंसिव सेक्सुअल एजुकेशन यानी ट्रांसजेंडर-समावेशी समग्र यौन शिक्षा को शामिल करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी आर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी बनाम भारत संघ और सोसाइटी फॉर एन्लाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन बनाम भारत संघ मामलों में दिए गए बाध्यकारी निर्देशों का अनुपालन न होने का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि एनसीईआरटी और ज्यादातर एससीईआरटी ने अब तक लिंग पहचान, लिंग विविधता और सेक्स एवं जेंडर के बीच अंतर पर कोई संरचित या परीक्षा-आधारित सामग्री शामिल नहीं की है। याचिका में कहा गया है कि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, तमिलनाडु और कर्नाटक में किए गए पाठ्यपुस्तक समीक्षाओं में व्यवस्थित रूप से ऐसे विषयों को नजरअंदाज किया गया है, आंशिक अपवाद केवल केरल में दिखाई दिए।

# राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी का तंज, एटम बम फुस्स हो गया, अब क्या हाइड्रोजन बम

## उनका सिर्फ और सिर्फ एक ही काम देश भर में झूठ फैलाना

**नई दिल्ली।** कथित वोट चोरी से जुड़े अपने खुलासे का हवाला देने पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सांसद रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। बीजेपी सांसद प्रसाद ने कहा कि जब भी मैं राहुल गांधी को सुनता हूं, संसद के अंदर या बाहर, यह समझने में समय लगता है कि वह क्या कहना चाह रहे हैं। आज उन्होंने कहा है, मैंने एटम बम फोड़ दिया है अब मैं हाइड्रोजन बम फोड़ूंगा...एटम और हाइड्रोजन बम का चुनाव से क्या संबंध है?... राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में खुद को क्यों नीचा दिखा रहे हैं... देश को समझना चाहिए, राहुल गांधी गैरजिम्मेदार नेता हैं। बीजेपी नेता प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी इसका जवाब दें कि वे एफेडेविट से क्यों भाग रहे हैं? राफेल, पेगासस से लेकर हर मामले में उन्होंने झूठ बोला है। राहुल गांधी किसी भी संवैधानिक



संस्था को बदनाम करने से बाज नहीं आए हैं। इनका काम है सिर्फ झूठ फैलाना। सांसद प्रसाद ने कहा, आज राहुल गांधी ने कहा कि मैंने एटम बम फोड़ा है, अब हाइड्रोजन बम फोड़ूंगा। चुनाव में मतगणना को लेकर कर्नाटक में जो उनका एटम बम था, वहां फुस्स हो गया, वहां दिवाली का एक छोटा पटाखा भी नहीं निकला, और हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। अभी तक दुनिया में भी हाइड्रोजन बम नहीं फूटा है। बीजेपी सांसद ने कहा, एक बार उन्होंने (राहुल गांधी) कहा था कि 5-6 साल में व्यक्ति युवा हो जाता है। दूसरी बात उन्होंने कही, तपस्या करने से गर्मी होती है। इसलिए एटम बम और हाइड्रोजन बम का चुनाव से क्या संबंध है, इसके लिए मुझे जानकारी प्राप्त करनी पड़ेगी।

### हलफनामे के मुद्दे पर वह चुप क्यों हैं राहुल?

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर कई सवाल उठाए हैं, लेकिन हलफनामे के मुद्दे पर चुप क्यों हैं? मैं तीन सवाल उठाना चाहता हूं जिनका जवाब राहुल गांधी को जबाव देना चाहिए। 1.21 लाख लोग मर चुके हैं। क्या उन्हें अब भी मतदाता सूची में रहना चाहिए? 2.35 लाख लोग अब अपने पंजीकृत पते पर नहीं रहते। क्या उनके नाम बने रहना चाहिए? 3.7 लाख नाम दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में हैं। क्या उन्हें दो बार मतदान करने की अनुमति मिलनी चाहिए? चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आपत्तियां हलफनामों के माध्यम से दर्ज की जानी चाहिए। राहुल गांधी इससे क्यों भाग रहे हैं? क्योंकि उन्हें पता है कि हलफनामे में झूठ बोलने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस मौके पर बीजेपी नेता ने कहा कि बूथ कैप्चरिंग खत्म हो चुकी है। इसके लिए चुनाव आयोग का शुक्रिया करना चाहिए। अब अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव जैसे नेता बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। यह सिर्फ उनकी हताशा को दिखाता है। पहले बिहार में जब चुनाव होता था, तब कितनी बूथ कैप्चरिंग होती थी, बूथ तक लूट लिया जाता था। लेकिन आज बूथ कैप्चरिंग खत्म हो गई है। मैं चुनाव आयोग का धन्यवाद करता हूं।

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की डेडलाइन नहीं बढ़ेगी

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार की मतदाता सूची संशोधन मामले में सोमवार को सुनवाई की। इस मामले में कोर्ट ने समय सीमा बढ़ाने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। हालांकि, चुनाव आयोग ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि 1 सितंबर की डेडलाइन के बाद भी जमा किए गए दावे और आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। दरअसल, बिहार में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावे और आपत्तियां दर्ज करने की समय सीमा 1 सितंबर तय थी। याचिकाकर्ता ने बाढ़ और तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए इसे 15 सितंबर आवेदन भरने की मांग की थी। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितंबर के बाद भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिका खारिज कर दी।

### इतने बड़े राज्य में सिर्फ 120 मामले

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि इतने बड़े राज्य में केवल 120 मामलों की ही आपत्तियां सामने आ रही हैं। यह हैरान करने वाला है। चुनाव आयोग की तय प्रक्रिया ही मानक है और उसी का पालन होना चाहिए। आधार कार्ड पर इतना जोर क्यों दिया जा रहा है? हम बार-बार एक ही आदेश नहीं दे सकते। अंतिम मतदाता सूची 1 अक्टूबर को प्रकाशित होगी। राजनीतिक दल सक्रिय रहकर मतदाताओं की आपत्तियां दर्ज कराने में मदद करें, कोर्ट ने यह भी कहा। आधार कार्ड को लेकर विवाद पर 8 सितंबर को फिर सुनवाई हो सकती है, बशर्ते ठोस उदाहरण रखे जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सब जेल मुलताई में स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित

**बैतूल (निप्र)।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सब जेल मुलताई में बंदियों में कुष्ठ रोग से संबंधित शंकाप्रद रोगियों की जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि शिविर में 103 बंदियों की जांच जिला स्तरीय कुष्ठ रोग दल के श्री राजेश मेहतो एवं श्री लिखीराम सागरे एनएमए द्वारा की गई, जिनमें से 13 बंदियों को चर्म रोग से संबंधित समस्या पाई गई, जिन्हें दवाईयां वितरित की गई। किसी भी बंदी में कुष्ठ रोग के लक्षण नहीं पाए गए। शिविर में कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारियां प्रदाय की गई। शिविर में जेल फार्मासिस्ट श्री दीपक पंवार मौजूद रहे।

### अधिकारियों द्वारा किया गया पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण



**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा सीहोर के लुनिया चौराहा स्थित वर्मा फ्यूलस एंड सर्विस पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर जांच की गई। जांच के दौरान अंडरग्राउंड डीज़ल के टैंक मे भण्डारित 5,944 लीटर डीजल मे 10.5 सेमी पानी की मात्रा पायी गई और 04 प्रतिशत से अधिक अंतर तक की अनियमितता पाई गई। इसके साथ ही ऑनलाइन स्टॉक से डीजल के स्टॉक मे अंतर पाया गया। पेट्रोल पंप पर मुफ्त हवा, शौचालय, पेयजल, अग्नि शमन यन्त्र की वैधता भी समाप्त पाई गई। अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंप पर अनियमितताएं पाए जाने पर डीज़ल की मशीन को सील कर दिया गया है और पेट्रोल पंप से 5,45,081 रूपये मूल्य का 5,944 लीटर डीजल जब्त कर लिया गया है। यह कार्रवाई जिला अपूर्ती अधिकारी, नापतौल निरीक्षक एवं कनिष्ठ अपूर्ती अधिकारी द्वारा की गई।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर कलेक्टर-एसपी ने टेबल टेनिस खेलकर खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित



**सीहोर (निप्र)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चर्च ग्राउंड स्थित इंडोर हॉल परिसर में अनेक खेल गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री बालागुरू के. और एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने खेल गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स सामग्री किट भी प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए टेबल टेनिस भी खेला। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं है, बल्कि खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य और सहयोग की भावना का पाठ पढ़ाते हैं। खेलों से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक मजबूती भी आती है। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उसे जीवन की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति देते हैं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कलेक्टर और एसपी द्वारा टेबल टेनिस खेलने से खिलाड़ियों का जोश और भी दोगुना हो गया। इस अवसर पर सभी को खेल गतिविधियों से जुडकर स्वयं को स्वस्थ बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्रीमती रूबिका देवान, श्री मनोज कन्नौजिया, सूबेदार प्राची राजपूत सहित प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंडोर खेल परिसर के साथ ही जिलेभर में अनेक खेल गतिविधियां आयोजित की गईं।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ राहत, खोज एवं बचाव तकनीक विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न



**रायसेन (निप्र)।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को बाढ़ राहत, खोज एवं बचाव तकनीक विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल से आए विशेषज्ञ द्वारा बाढ़ आने के कारण, बाढ़ आने की संभावना होने पर किए जाने वाले कार्य और बाढ़ आने पर बचाव कैसे करें! इसके बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि कई घण्टों से मूसलाधार बारिश होने या फिर विगत कुछ दिनों से लगातार बारिश होने पर बाढ़ आने की संभाववना हो सकती है। ऐसी स्थिति में नदियों व बरसाती नाले से दूर रहना चाहिए। बाढ़ संभावित क्षेत्र में घर होने पर अति आवश्यक वस्तुएं व प्राथमिक किट तैयार रखनी चाहिए तथा किसी भी समय घर खाली कर सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रशिक्षण में सर्पदंश, वज्रपात या आकाशीय बिजली गिरने, भवनों में आग लगने, भूकम्प आदि आपदाएं आने पर किस प्रकार त्वरित रूप से राहत और बचाव कार्य किए जाएं, कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए आदि के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर, अधीक्षक भू-अभिलेख सहित अधिकारी, कर्मचारी और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं सीईओ ने किया बच्चों को पोषण टोकरी का वितरण

## जब बच्चे मजबूत और कुपोषण मुक्त होंगे, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा : कलेक्टर

- महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया है एक कदम सुपोषण की ओर नवाचार
- स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में किया गया 155 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण




**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिला चिकित्सालय के शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में एक कदम सुपोषण की ओर कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर में बच्चों को पोषण टोकरी का वितरण किया। सीहोर जिला चिकित्सालय के साथ ही सीहोर ग्रामीण तथा श्यामपुर में भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में डॉक्टरों द्वारा 155 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर डीईआईसी में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ और पोषित होना ही हमारे भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। जब बच्चे मजबूत और कुपोषण मुक्त होंगे, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि पोषण केवल शरीर को ताकत देने का साधन नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास की नींव है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखें। हर एक छोटा प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकता है। सुपोषित बच्चा ही सशक्त भारत की पहचान बनेगा। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने डीईआईसी का निरीक्षण भी किया। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में कुपोषण को समाप्त करने और पोषण स्तर में सुधार के लिए समन्वित रूप से एक कदम सुपोषण की ओर नवाचार प्रारंभ किया गया है। इस नवाचार के तहत विभाग द्वारा चिन्हांकित बच्चों को पोषण टोकरी का वितरण किया जा रहा है। इस पोषण टोकरी में पोषण युक्त मुरमुरा, तिल, मूँगफली, चना, गुड़ आदि को पाउडर रूप में बच्चों को प्रदान किया जा रहा है, ताकि बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हो सके। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ज्ञानेश खरे एवं सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### इन स्थानों पर लगाए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ज्ञानेश खरे ने बताया कि एक कदम सुपोषण की ओर नवाचार के तहत सीहोर जिला अस्पताल के डीईआईसी केंद्र के साथ ही बिलकिसगंज, दोराहा सेक्टर एवं श्यामपुर में भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए।




## बैतूल जिले ने रचा इतिहास आईटीआई में महिला प्रवेश में प्रदेश में प्रथम

**बैतूल (निप्र)।** कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में बैतूल जिले ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रदेश में महिला प्रवेश के क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश शासन ने आईटीआई संस्थानों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत प्रवेश लक्ष्य तय किया था, जबकि बैतूल जिले ने इस लक्ष्य को पार करते हुए 41 प्रतिशत महिला प्रवेश सुनिश्चित किए हैं। जिले की आईटीआई में कुल 1272 सीटों में से 1063 सीटों पर प्रवेश हो चुका है, जो 84 प्रतिशत है। इनमें से 523 सीटों पर महिलाओं ने प्रवेश लिया है। जिले की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कौशल विकास संचालनालय भोपाल ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को प्रशंसा पत्र जारी कर सराहा है। यह उपलब्धि न केवल संख्यात्मक है, बल्कि समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और तकनीकी शिक्षा में उनकी सशक्त उपस्थिति का प्रमाण है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले की आईटीआई संस्थाओं, विभागों और समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास और टीम वर्क का परिणाम है। आईटीआई प्राचार्य श्री पंडाग्रे ने बताया कि सातवें राउण्ड की प्रवेश प्रक्रिया 1 सितम्बर 2025 से पहले आओ, पहले पाओ आधार पर प्रारंभ होगी। आवेदक इच्छित ट्रेड चुनकर उसी दिन दस्तावेज़ सत्यापन के बाद प्रवेश ले सकते हैं। इस राउण्ड में पुरुष आवेदक भी महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे।

**खेलों से टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का होता है विकास : कलेक्टर**

# हमारे जीवन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करती हैं खेल गतिविधियां : कलेक्टर



**सीहोर (निप्र)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास केंद्र (एनआईएमएचआर) में अनेक खेल गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खेल गतिविधियों का शुभारंभ करते हुए दौड़ प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी समान रूप से भाग लेना चाहिए। खेल हमारे जीवन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं और व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। इसके साथ ही हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को मजबूती मिलती है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमें महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने खेल से देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर खेलों को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे खेलों को केवल मनोरंजन के साधन के रूप में न देखें, बल्कि इसे अपने व्यक्तित्व विकास और कैरियर के नए अवसरों के रूप में भी अपनाएं। इस अवसर पर सभी को अपने जीवन में खेल गतिविधियों से जुड़ने और स्वस्थ्य रहने की शपथ ही दिलाई गई।

### कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**बैतूल (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल कार्यालय के सभाकक्ष में गुरूवार को कम्यूनिटि हेल्थ ऑफीसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने समीक्षा बैठक में सीएचओ द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया, एनसीडी क्लीनिक, निक्षय पोर्टल, अनमोल एप, सक्षम पोर्टल, ई-औषधि एप, एचआईएमएस के एप पर सीएचओ द्वारा दर्ज की गई उपलब्धियों की जानकारी ली। डॉ हुरमाड़े ने प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली माताओं को जांच के लिए शिविर में अनिवार्य रूप से लाने के निर्देश दिए। सिकल सेल एनीमिया में स्क्रीनिंग कार्य में कम उपलब्धि होने पर सीएचओ कुंवर सिंह आहके हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पाट भीमपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। डॉ हुरमाड़े ने सिकल सेल, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम की उपलब्धि में सात दिवस में प्रगति लाने, क्षेत्र की गर्भवती माताएं एवं बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं देने के निर्देश एवं लापरवाही बरतने पर कार्यवाही किये जाने की भी दी हिदायत।त्रैमासिक समीक्षा बैठक में 100 दिवस निक्षय अभियान, सिकल सेल एनीमिया अभियान, एनक्यूएएस, ई-औषधि एप, अनमोल एप एवं एचआईएमएस के बारे में नोडल अधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा बैठक में क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ आनंद मालवीय, सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ अंकिता सिते, एमएण्डईओ, सीपीएचसी सलाहकार आदि उपस्थित रहे।

## चिचोली में कबड्डी, दौड़, रस्साकसी खेल गतिविधियों का आयोजन



**बैतूल (निप्र)।** मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और श्रीराम युवा विकास युवा मंडल गोधना के सहयोग से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को चिचोली ब्लाक के तपश्री ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कबड्डी,दौड़, रस्साकसी प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर श्री अनिल सिंह कुशवाहा व नगर परिषद की उपाध्यक्ष वर्षा आवलेकर, विधायक प्रतिनिधि श्री उमेश पेठे, सीएमओ चिचोली श्री सैयद हुसैन, जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत श्रीमती सुषमा गवली उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर खेल कबड्डी, रस्साकसी, दौड़ इत्यादि खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। स्वागत उद्बोधन में जिला युवा अधिकारी श्रीमती सुषमा ने सामूहिक तौर पर खेल गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। श्री कुशवाह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद जी के त्याग दर्पण से आज खेल के क्षेत्र में प्रतिभाएं अपने प्रतिभा निखार रही है। हाकी के जादूगर के तौर पर जाने व पहचान जाने वाले हम सबके प्रेरणा स्त्रोत के तौर पर मेजर ध्यानचंद जी सदैव रहेंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नगर परिषद वर्षा आवलेकर ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खेल जगत के क्षेत्र में अनेकों योजनाएं के माध्यम से प्रतिभाओं में प्रतिभा निखारने का काम किया जा रहा है। उमेश पेठे ने बताया कि खेल से हम शारीरिक रूप से वह मानसिक रूप से कैसे स्वस्थ रह सकते हैं।

# बैतूल बनेगा खेलों का हब: केंद्रीय मंत्री श्री उईके

## केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने खेल दिवस और सांसद खेल महोत्सव के तहत रजिस्ट्रेशन का किया शुभारंभ

**बैतूल (निप्र)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य श्री दुर्गादास उईके ने जिले के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उनके द्वारा सांसद खेल महोत्सव के तहत खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ भी किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में जिले को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने बताया कि जिले में 5 करोड़ की लागत से क्रिकेट स्टेडियम जल्द बनकर तैयार होगा। इसी प्रकार जिले में ओपन ऑडिटोरियम के लिए 10 करोड़ और मल्टीपल गेम्स स्टेडियम के लिए 15 करोड़ की राशि भी स्वीकृत की गई हैं। आने वाले में समय में बैतूल खेलों का हब बनेगा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री हंसराज धुर्वे,श्री विकास मिश्रा, श्री प्रदीप खंडेलवाल तथा प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती अनीता पटेल, एसडीएम श्री अभिजीत सिंह, जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील सहित अन्य अधिकारी , स्कूली बच्चे एवं खिलाड़ी उपस्थित रहें। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति चेतना, जागरूकता और खेलों की महत्ता की दिशा में प्रेरित करने के लिए हॉकी के जादूगर श्रद्धेय श्री मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाता हैं। वर्ष 2012 से प्रारंभ खेल दिवस का उद्देश्य देश के महान खिलाड़ियों के योगदान को याद करना, युवाओं में खेल भावना का विकास और राष्ट्र को खेलों के क्षेत्र में सशक्त बनाना हैं। श्री ध्यानचंद ने हॉकी के मैदान में करिश्मा दिखाकर भारत को 3 ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाएं और भारत की खेल प्रतिभा और क्षमता से दुनिया को अवगत कराया। उन्हीं से सभी को प्रेरणा मिलती है कि जीवन में अनुशासन, समर्पण और परिश्रम से लौकिक और पारलौकिक सभी प्रकार के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता हैं।




**भारत खेलों के क्षेत्र में नए आयाम छू रहा :** केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व भारत खेलों के क्षेत्र में नए आयाम छू रहा हैं। उनका मानना है कि खेल केवल पदक तक सीमित नहीं बल्कि राष्ट्र के उज्जवल भविष्य का आधार हैं। जिसे ध्यान में रखते खेलों इंडिया प्रारंभ किया हैं, जिसमें 3 हजार से अधिक एथलीट विशेष छात्रवृत्ति और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। फिट इंडिया मूवमेंट से 10 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। भारत ने खेलों में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की हैं। भारत के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने टोक्यो ओलंपिक में 7 पदक अपने नाम किए। बार्गिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में 61 पदक जीते।

### राष्ट्रीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण का मिलेगा अवसर

इस क्रम में सांसद खेल महोत्सव की परिकल्पना भी की गई है।यहां महोत्सव ग्राम, विधानसभा एवं जिला इस प्रकार तीन स्तर पर आयोजित किया जाएगा।इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रत्येक जिले से 10 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें राष्ट्रीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण मिलेगा।सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य नवोदित खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करना, स्थानीय खिलाड़ियों को पहचान दिलाना और युवाओं को अनुशासन, फिटनेस और खेल भावना से जोड़ना हैं।केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि भारत का युवा खेलों के मैदान में जीतता है तो केवल पदक ही नहीं बल्कि देश के गौरव को भी बढ़ाता हैं।

# खेलों से शारीरिक क्षमता वृद्धि, व्यक्तित्व विकास और चरित्र का निर्माण होता है : कलेक्टर




## स्वस्थ जीवन के लिए हर आयु वर्ग में खेलों का महत्व है - कलेक्टर

**सीहोर (निप्र)।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती, 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सीहोर के आवासीय खेल परिसर में अनेक खेल गतिविधयां आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री बालागुरू के., एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन और पैरालंपिक मेडलिस्ट श्री कपिल परमार ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि खेलों से जहाँ एक ओर शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है, वहीं व्यक्ति के चरित्र का निर्माण भी होता है। खेलों से महत्वपूर्ण सीख भी मिलती हैं, जो खिलाड़ी जीवन के संघर्ष, जिम्मेदारियों और कठिन परिस्थितियों पर विजय पाने में काम आती है। खेलों में भाग लेने से ऐसी खेल भावना के साथ ही साथ सकारात्मक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। खेल भावना के कारण ही हार और जीत को सहजता से लिया जाता है और परस्पर मैत्री भाव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। विगत कुछ वर्षों से खेलों में कैरियर के अवसरों में विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेलों का महत्व हर आयु वर्ग में समान रूप से जरूरी है। खेल न केवल शरीर को सक्रिय बनाए रखते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी कारगर साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी को शारीरिक गतिविधियों की जरूरत है। बच्चों के लिए खेल, सीखने और अनुशासन का साधन है, तो युवाओं के लिए फिटनेस और टीमवर्क की भावना का आधार है। वहीं बुजुर्गों के लिए हल्के-फुल्के खेल और व्यायाम लंबे समय तक तंदुरुस्ती बनाए रखने में मदद करते हैं। कार्यक्रम में एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि आज मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि खेलों और फिटनेस के प्रति लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश के अनेक खिलाड़ियों को उनकी खेलों में अभूतपूर्व उपलब्धियॉ के कारण हमेशा याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि सीहोर के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

# राहुल गांधी के बयान पर गर्माई शहर की राजनीति, भिड़े भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता, थाने पहुंचा मामला

**- भाजपा की ओर से पुलिस ने लिखी एफआईआर, कांग्रेस की ओर से इंतजार**

▶ जिलाध्यक्ष गुजराती ने कहा कि आज (सोमवार) को कांग्रेस का जिले की आष्टा विधानसभा प्रदर्शन था, ऐसे में मुख्यालय के सभी कांग्रेस नेता आष्टा गए थे।




दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान को लेकर सोमवार को शहर में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच तीखी झड़प हुई। यह विवाद इतना बढ़ गया कि मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा। इधर बीजेपी की ओर से कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, जबकि कांग्रेस की ओर से आवेदन लिया गया और दिया जांच का आश्वासन। बता दें सोमवार को बीजेपी कार्यकर्ता राहुल गांधी के बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे। वह राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगा रहे थे और पुतला जलाने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच कांग्रेस कार्यकर्ता भी अपने कार्यालय से बाहर आ गए। दोनों पक्षों के बीच पहले जुबानी जंग हुई, जो जल्द ही धक्का-मुक्की में बदल गई, जिससे मौके पर तनाव फैल गया। **बीजेपी की ओर से एफआईआर-** झड़प के बाद बीजेपी कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके एक साथी को मारा-पीटा है। बीजेपी जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने बताया कि महिला मोर्चा द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा था, लेकिन कांग्रेस कार्यकताओं ने इसमें विघ्न डाला, महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और बीजेपी कार्यकताओं के साथ मारपीट की। उन्होंने इसे लेकर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कार्यालय के सामने प्रदर्शन की अनुमति किसने दी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बीजेपी पर उकसावे की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता जानबूझकर माहौल खराब करने के इरादे से कांग्रेस कार्यालय के सामने आए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकताओं ने केवल पुतला जलाने से रोका, किसी के साथ कोई अभद्रता या मारपीट नहीं हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि मैंने सुबह से जिला प्रशासन के अधिकारियों से बात की और पूछने का प्रयास किया कि बीजेपी को कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन की अनुमति किसने दी, लेकिन कोई जबाव नहीं दे सका। जिलाध्यक्ष गुजराती ने कहा कि आज (सोमवार) को कांग्रेस का जिले की आष्टा विधानसभा प्रदर्शन था, ऐसे में मुख्यालय के सभी कांग्रेस नेता आष्टा गए थे और जिला कांग्रेस कार्यालय में महज 8 कार्यकता ही मौजूद थे। जबकि बीजेपी के 300-400 कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय के सामने आए हुए थे, ऐसे में 400 नेताओं का मुकाबला या झड़प महज 8 कार्यकर्ता कैसे कर सकते हैं। अब जनता भी इनकी कारगुजारियों को समझ चुकी है।

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जहांगीराबाद को मिली अतिरिक्त कक्षों की सौगात महापौर श्रीमती मालती राय ने किया अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जहांगीराबाद में छात्राओं को सुव्यवस्थित अध्ययन हेतु सौगात के रूप में निर्मित कराये गये अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण किया। उक्त कक्षों के निर्माण हेतु महापौर श्रीमती राय ने अपनी निधि से राशि उपलब्ध कराई है। महापौर श्रीमती मालती राय ने सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जहांगीराबाद में महापौर निधि से उपलब्ध कराई गई राशि से नवनिर्मित दो अतिरिक्त कक्षों का शिलापट्टिका अनावरण का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय ने अतिरिक्त कक्षों की बधाई दी और कहा कि हमारा सदैव प्रयास है कि हम शहर के विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराएं। इसी तारतम्य में जहांगीराबाद गर्ल्स स्कूल में दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराया है। इन अतिरिक्त कक्षों से यहां अध्ययनरत छात्राओं को अध्ययन हेतु बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। लोकार्पण अवसर पर पार्षद श्री पप्पू विलास सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के प्राध्यापक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज बैठक सम्पन्न

दैनिक भेल पॉवर ■



**नरसिंहपुर।** आज मध्य प्रदेश पेंशनर्स क्रांतिकारी मोर्चा के प्रमुख श्री डी पी दुबे के आव्हवन पर बरिया वाले हनुमानजी के प्रांगण में नरसिंहपुर अध्यक्ष श्री अनिल राय द्वारा शंख नाद किया गया। बैठक में प्रांतीय निकाय के आवाहन पर पेंशनरों के प्रति निरंतर शासन द्वारा लगातार उपेक्षा किए जाने, समय पर महंगाई राहत न देने यहां तक कि जिन मुद्दों पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय मे भी निर्णय हो चुके है उसका सभी को लाभ न देने, जिला स्तर पर पेंशन कार्यालयों को बंद करने आदि विभिन्न मुद्दों के अलावा जिला स्तर के मुद्दों में जैसे कलेक्टर महोदय द्वारा शासनादेशों के बाबजूद पेंशन संघों की मीटिंग न बुलाने, जो मीटिंग हो चुकी है उसकी कार्यवाही का विवरण जारी न होना, मीटिंग में लिए निर्णयों का पालन न होना, जिला प्रमुखों द्वारा सेवा निवृति के तीन माह पूर्व पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय न भेजे जाने, जिनके पीपीओ जारी हो चुके है उनका भुगतान समय पर न होने, 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवा निवृत होने बालों को एक वेतन वृद्धि के प्रकरणों में माननीय उच्च न्यायालय एवं शासन के स्पष्ट निर्देश होने के बाबजूद प्रकरण रोके रखना, उनके पुनरीक्षित पीपीओ जारी न होना, जिन शासकीय कर्मचारियों के किन्हीं कारणों से सेवा निवृति के बाद पीपीओ जारी नही हो पाए है उन्हें एंटीसिपेटरी / अंनतिम पेंशन स्वीकृत न किए जाने एवं पीपीओ वितरण में पेंशन संघों के प्रतिनिधि को न बुलाना, किसी प्रकार कि चिकित्सा सुविधा ना देना, आयुष्मान चिकित्सा सेवा में आयु का भेदभाव करना, विद्युत विभाग के पेंशनर्स को पेंशन लगातार मिलने की गारंटी देने संबंधी निर्देश दे, वरिष्ठ नागरिको दी जाने वाली सुविधाएं भी हम से वापस ले ली गई उसे पुनः चालू करें, स्थानीय स्तर पर पेंशन भवन प्रदान करना आदि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे और मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज द्वारा एवं पेंशनर्स क्रांतिकारी मोर्चा। से सहयोग प्राप्त कर एक चरण बद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। आगामी चरणों में प्रांतीय एवं जिला के निर्णय अनुसार काली पट्टी बांध कर विरोध, रैली, जागरूकता रथ, धरना, अनशन, विधान सभा का घेराव ,गिरफ्तारी आदि किए जाने का कार्यक्रम तय किया जाएगा। बैठक में संरक्षक श्री रमाकांत गुप्ता, पी एस राघव जिला अध्यक्ष शिवकुमार पटेल, अध्यक्ष तहसील शाखा नरसिंहपुर अनिल राय, अध्यक्ष विद्युत फेडरेशन नरसिंहपुर, गणेश चतुर्वेदी, एस के शर्मा , रुप कुमार सोनी, सचिव सी बी शर्मा, कार्यकारी सदस्य विजय शर्मा, प्रभात राय, अरुण खरे, आदित्य शर्मा, भवानी शर्मा संतोष शर्मा, उमेश चन्द्र चन्देल, ओ पी दुबे उपाध्यक्ष जी, राजेन्द्र पटेल, अशोक त्रिपाठी, देवेन्द्र दुबे, आर पी नेमा, सोमनाथ पटेल, चन्द्रभान साहू आदि पेंशनर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.। अंत में पेंशनर्स समाज के तहसील अध्यक्ष श्री अनिल राय द्वारा सभी पेंशनरों ,कर्मचारी संघों से अपने संघ आदि से ऊपर उठ के प्रथम चरण में शंखनाद कर जिला एवं तहसीलों में एवं आगे के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर सफल बनाने की अपील कर सभी का आभार व्यक्त किया गया। के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर सफल बनाने की अपील कर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# विद्यासागर पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस सम्मान समारोह

**शिक्षक- उज्जवल भविष्य के निमार्ता श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी**

दैनिक भेल पॉवर ■




**भोपाल।** परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी एवं उनके उत्तराधिकारी श्रद्धेय संत सिद्धभाऊजी के मार्गदर्शन में संचालित विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल तथा अर्जन हाथीरामानी मेमोरियल प्ले स्कूल में शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा शिक्षक दिवस सम्मान समारोह की श्रंखला में आज शिक्षक दिवस बडे. ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का मूल उद्धेश्य विद्यार्थियों में अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धाभाव, सम्मान और आत्मीयता जैसे चारित्रिक गुणों का सतत संचार करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, माँ भारती एवं संत शिरोमणी हिरदाराम साहिबजी के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यापर्ण से किया गया। इस अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्त्रोत श्रद्धेय संत सिद्धभाऊजी ने सभागार को संबोधित करते हुए सभी शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने आशीर्वचनो में कहा कि प्री-प्राइमरी कक्षाओं के ये बच्चे बहुत छोटे हैं, इनको सिखाने में हमारी शिक्षिकाएं बहुत मेहनत करती हैं, इनके सतत प्रयास और योगदान से ही विद्यार्थी अपने जीवन में सफल होते हैं। आपने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षक ही आपके उज्जवल भविष्य के निमार्ता हैं । आपको हमेशा अपनी शिक्षिकाओं की और अपने माता-पिता की बात माननी चाहिए और हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मिष्ठी वासवानी ने अपने स्वागत उद्बोधन में समस्त विद्यालय परिवार को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए बच्चों को प्रेरित किया कि वे सदैव अपनी शिक्षिकाओं का सम्मान करें और उनसे मिली सीख को जीवन में उतारें। विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं ऑफिस स्टॉफ को उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भाव का सम्मान करते हुए संस्था की और से शिक्षक दिवस की शुभकामनाओं के साथ सम्मान निधि ,विशेष उपहार एवं पुष्प-गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद 'पपेट शो' प्रस्तुत किया। विद्यालय के नन्हें -मुन्नें विद्यार्थियों द्वारा भाषण,कविता एवं मनोरंजक नृत्य की प्रस्तुति ने अपनी शिक्षिकाओं के प्रति सम्मान एवं वंदन का भाव प्रकट करते हुए सभागार में सभी का मन मोह लिया। विद्यासागर स्कूल के निदेशक श्री भगवान दामानी ने भी सभी शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती नीतू बाबानी एवं नीतू आहूजा द्वारा किया गया । अंत में कोऑर्डिनेटर श्रीमती दीपा भागवानी ने सभी अतिथियों, शिक्षिकाओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। पूरा कार्यक्रम उल्लास, सम्मान और कृतज्ञता से परिपूर्ण रहा।

## मुंगावली स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ द्वारा ''हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान'' कार्यक्रम के तहत मुंगावली स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर यह शपथ ली कि ष्हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने यह भी प्रण लिया कि वे विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाएंगे जहां कोई भेदभाव नहीं होगाए और सभी समभाव से सीखने.सिखाने के पथ पर आगे बढ़ेंगे। इस संकल्प में विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित और प्रेरणादायक बनाए रखने पर जोर दिया गया। शपथ ग्रहण समारोह में स्कूल के प्राचार्य आरडी सोलंकी सहित राजेश कसोटिया, भैरव सिंह शाक्य, जितेंद्र बड़ोदिया, ज्योति त्यागी, पूजा गांधी, अंजू दोग्ने, प्रमोद खत्री, सुनीता भदोरिया, घनश्याम दोग्ने आदि शिक्षक मौजूद रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि मुंगावली स्कूल को पहले ही जिला शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा और जिला चिकित्सालय की नेहा सिंह द्वारा तंबाकू मुक्त संस्थान का प्रमाणीकरण दिया जा चुका है, जो इस स्कूल की सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



## नगरीय निकायों की डीपीआर रिपोर्ट पेश न करने वाले सीएमओ को कलेक्टर ने लगाई फटकार

दैनिक भेल पॉवर ■



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि समय सीमा वाले और सीएम हेल्पलाइन के सभी प्रकरणों का जल्द से जल्द संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि सीहोर सहित कई नगरीय निकायों के सीएमओ ने अभी तक अपने निकायों की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) प्रस्तुत नहीं की है। उन्होंने सभी सीएमओ को फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ वरिष्ठ कार्यालय को कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी। बुजुर्गों के लिए सहज कार्यालय का वातावरण बनाएं कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों के कार्यालयों का वातावरण बुजुर्गों के लिए सहज और सुविधाजनक बनाया जाएए ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जल का दुरुपयोग करने वालों पर अतिरिक्त बिल का बोझ बैठक में जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नल जल योजनाओं में जो उपभोक्ता निर्धारित मात्रा से अधिक जल का उपयोग कर रहे हैं, उनके बिल में अतिरिक्त राशि जोड़ी जाए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति के लिए प्रतिदिन 55 लीटर जल की मात्रा निर्धारित है। पीएम आवास की राशि का दुरुपयोग होने पर होगी वसूली कलेक्टर ने उन हितग्राहियों से पीएम आवास योजना की राशि वसूलने के निर्देश दिए, जिन्होंने किश्त का भुगतान होने के बाद भी मकान का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। उन्होंने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि किसी की मृत्यु होने पर जल्द से जल्द प्रमाण पत्र जारी करें, ताकि परिजनों को बार.बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। **किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य-** कलेक्टर ने जिले के सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का एक प्रमुख माध्यम है। उन्होंने सभी किसानों से भी अपील की कि वे अपनी रजिस्ट्री जरूर करवाएं। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए, जिनमें लंबित पेंशन प्रकरणों का जल्द निपटारा, लाड़ली बहना योजना में मृत हितग्राहियों के खातों में राशि का अंतरण बंद करना, शिक्षा विभाग द्वारा आरटीआई के तहत निजी स्कूलों का निरीक्षण और सभी नागरिकों की समग्र ई.केवाईसी कराना शामिल है। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

## जिला अध्यक्ष बदलते ही ही कांग्रेस पार्षद ने भाजपा ज्वाइन की



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** राहुल गांधी के मंच से की गई टिप्पणी ओर जीतू पटवारी के बयान के खिलाफ जब कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने गये भाजपा नेता ओर महिला मोर्चा के कार्यकर्ता तब कांग्रेस कार्यलय मे पूर्व विधायक सुनील जयसवाल और कांग्रेस के कार्यकर्ता कार्यालय में मौजूद थे वहीं पर पार्षद काजल भी मौजूद थी लेकिन उन्होंने अचानक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में सम्मिलित हो गई, जिन्हे भाजपा जिला अध्यक्ष ने भाजपा ज्वाइन कराई यह अपने आप में एक कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा झटका भी माना जा रहा है, क्योंकि चंद दिन पहले ही जिला अध्यक्ष कांग्रेस में बदलाव हुआ कही उसी का परिणाम तो नहीं, सूत्रों द्वारा जानकारी मिल रही, और भी कुछ कांग्रेसी भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं ऐसी चर्चा जोरों पर है, अगर ऐसा होता है तो यह कांग्रेस के लिए और भी बड़ा झटका हो सकता है क्योंकि वैसे ही नरसिंहपुर जिले में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की कमी देखी जा रही है! और अब जल्द ही जनपद पंचायत और नगर पालिका के चुनाव है लेकिन राजीव बार्ड पार्षद ने कांग्रेस छोड़ने का रीजन राहुल गांधी के मंच से की गई टिप्पणी और जीतू पटवारी के बयान को बताया है।

## दशलक्षण महापर्व पर जैन मिलन विदिशा द्वारा जैन विद्यार्थियों हेतु नि:शुल्क शुद्ध सात्विक भोजन व्यवस्था



दैनिक भेल पॉवर ■

**विदिशा।** दशलक्षण महापर्व के पावन अवसर पर जैन मिलन विदिशा द्वारा शहर में अध्यनरत बाहर से आए हुए जैन विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शुद्ध सात्विक भोजन की विशेष व्यवस्था की जा रही है। जैन मिलन विदिशा के संस्थापक अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि यह सेवा कार्य प्रतिवर्ष किया जाता है, परंतु इस वर्ष अब तक लगभग 75 विद्यार्थी इस व्यवस्था का लाभ ले रहे हैं, जो अब तक के सभी वर्षों में सर्वाधिक है। जैन मिलन विदिशा के अध्यक्ष सौरभ सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि भोजन व्यवस्था वासुपूज्य जिनालय के सामने, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, विदिशा में की गई है। इसमें प्रातः 9:30 बजे रअळक कॉलेज के विद्यार्थियों हेतु, दोपहर 1:00 बजे मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों हेतु तथा सायं 5:30 बजे सभी विद्यार्थियों हेतु भोजन परोसा जाता है। यह व्यवस्था 28 अगस्त से 6 सितंबर तक संचालित की जाएगी। विशेष उल्लेखनीय है कि इस वर्ष इस पुण्य कार्य में विदिशा शहर के प्रबुद्ध समाजसेवियों ने भी सहयोग प्रदान किया है। जैन समाज के कई वरिष्ठ समाजसेवियों ने न केवल भोजनशाला में सहयोग राशि दी है, बल्कि स्वयं उपस्थित होकर विद्यार्थियों को भोजन परोसने का सौभाग्य भी प्राप्त किया। जैन मिलन परिवार की यह सेवाभावी गतिविधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम अब विदिशा नगर में सेवा का नया आयाम स्थापित कर रहा है। जैन मिलन विदिशा के मंत्री पंकज जैन ने समस्त वीर साथियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों से निवेदन किया है कि वे समयानुसार उपस्थित होकर भोजन परोसने में सहभागिता प्रदान करें एवं इस आहार दान के पुण्य कार्य में सहभागी बनें।

**NAME CHANGE**

I, Asharam Rawat S/o Vishal Rawat R/o Gram Babdi, Sabalgarh, PO: Atar, Morena, Madhya Pradesh-476229 have changed my name to Raj Rawat.

# जल प्रलय के सन्देश...



भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीष । जल प्रलय में प्रभावित हुये उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला।

भारत के पंजाब राज्य को सबसे उपजाऊ धरती के राज्यों में सर्वोपरि गिना जाता है। इसका मुख्य कारण यही है कि यह राज्य खेती के लिये सबसे जरूरी समझे जाने वाले कारक यानी पानी के लिये सबसे धनी राज्य है। सिंधु नदी की पांच सहायक नदियाँ सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम इसी पंजाब राज्य से होकर बहती हैं। इन पांचों नदियों में केवल व्यास ही एक ऐसी नदी है जो केवल भारत में बहती है शेष सतलुज, रावी, चिनाब और झेलम नदियाँ भारत से होते हुये पाकिस्तान में भीप्रवाहित होती हैं। यही नदियां जो पंजाब को उपजाऊ भूमि बनाने और यहाँ की संस्कृति का आधार समझी जाती हैं इन दिनों यही नदियां भारत से लेकर पाकिस्तान तक जल प्रलय का कारण बनी हुई हैं। इन नदियों के उफान पर होने का कारण जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार होने वाली तेज बारिश यहाँ तक कि अनेक स्थानों पर बादल फटने जैसी घटनाओं को माना जा रहा है।

दरअसल पिछले कुछ दिनों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के जलागम क्षेत्रों में असामान्य रूप से भारी बारिश हुई। कई जिले तो ऐसे भी थे जहाँ केवल एक ही दिन में पूरे एक महीने की बारिश दर्ज की गई। जैसे केवल अमृतसर और गुरदासपुर में 150-200 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई। इससे शहरी जलनिकासी प्रणाली पूरी तरह फेल हो गयी। दुर्भाग्यवश हमारे देश के अधिकांश राज्यों में बरसाती जल निकासी प्रणाली प्रायः फेल ही रहती है। भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण से लेकर सरकारी अम्लों की अकर्मण्यता व गैर जिम्मेदार जनता द्वारा नाले नालियों में अवांछित वस्तुओं की डम्पिंग यहाँ तक कि मरे जानवर से लेकर रजाई गद्दे बोतलें प्लास्टक पॉलीथिन आदि सब कुछ नालों व नालियों में फेंक देने जैसी गैर जिम्मेदाराना प्रवृति, जल निकासी प्रणाली के फेल होने में सबसे अहम भूमिका निभाती है।

एक ओर तो भारी बारिश व जलभराव उसके बाद भारत के सबसे विशाल भाखड़ा नंगल डैम, पोंग डैम रणजीत सागर डैम व शाहपुर कंडी जैसे डैम्स से अतिरिक्त पानी का छोड़ा जाना भी पंजाब की बड़े हिस्से की तबाही का कारण बन गया। इन डैम्स से पानी छोड़ना भी इसलिये जरूरी हो गया था क्योंकि इनमें इनकी क्षमता से अधिक जलभराव हो गया था। उदाहरण के तौर पर भाखड़ा डैम का जल स्तर 1,671 फीट तक पहुँच गया था तो पोंग डैम का जलस्तर भी अधिकतम से ऊपर चला गया था। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य की सतलुज, ब्यास और रावी नदियाँ उफान पर आ गईं थीं। भारत से पानी छोड़ने के कारण ही पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में भी बाढ़ आई, जहाँ रावी, सतलुज और चेनाब नदियाँ प्रभावित हुईं। इस स्थिति के मद्देनजर भारत ने पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को तीन चेतावनियाँ जारी कर दी थीं।

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुये उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गये,सैकड़ों पशु बह गये अनेक वाहन तेज बहाव में समा गये। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गयी ,तमाम मकान बह गये या क्षतिग्रस्त हो गये। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गये। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिये तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गये इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे। अमृतसर के रामदास क्षेत्र में रावी नदी का धुसी बांध टूट गया, जिससे 40 गांव डूब गए। इसी तरह गुरदासपुर में लगभग 150, कपूरथला में करीब 115, और अमृतसर में लगभग 100 गांव इस प्रलयकारी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुये। गोया इस बार की बाढ़ ने कृषि-प्रधान पंजाब की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इस बाढ़ के चलते सैकड़ों घर, 300 से अधिक स्कूल अनेक सड़कें, पुल और बिजली लाइनें आदि क्षतिग्रस्त हो गयीं । अमृतसर में गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब डूब गया। कई जगह रेल यातायात बाधित हुआ अनेक ट्रेन्स कैंसिल कर दी गयीं। हाईवे टूटने व क्षतिग्रस्त होने के चलते 1,000 से अधिक सड़कें बंद कर गयीं । अकेले वैष्णो देवी में बारिश के चलते हुये भूस्खलन से 30 से अधिक मौतें होने की खबर है।

अभी तक जो अनुमान लगाया जा रहे उसके मुताबिक धान, गन्ना व मक्का की लगभग 1.5 लाख एकड़ फसल पूरी तरह डूब गई। पंजाब में लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक भूमि जलमग्न हो गयी। इन बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को सितंबर-अक्टूबर में होने वाली रबी की फसलों में भी नुकसान की आशंका बनी हुई है। पंजाब में आई बाढ़ से हुआ अरबों रुपये का यह नुकसान खाद्य मुद्रास्फीति को भी प्रभावित करेगा। बाढ़ और बारिश-संबंधी हादसों से भारत व पाकिस्तान में अनेक मौतें भी हुई हैं जबकि अनेक लोग लापता भी हो गए हैं। इसी तरह हजारों पशुओं के बह जाने, मरने,बीमार पड़ने के साथ साथ उनके चारों की भी भारी कमी दर्ज की जा रही है। इन्हीं हालात में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। इससे पर्यटन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।आपदा के इस समय में सेना एनडीआरएफ व एसडीआरएफ द्वारा 5,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गयी व उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया। इन ऑपरेशन्स में चिनूक हेलीकॉप्टर, चीता हेलीकॉप्टर,नावें और एम्फीबियन वाहन इस्तेमाल किये गये।

पंजाब और खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली असाधारण बारिश व बादल फटने जैसी अनेक घटनाओं ने मौसम वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। इन हालात के लिये जहाँ दुर्लभ परिस्थितियों में पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी मौसम प्रणालियों के एक साथ आने को जिम्मेदार माना जा रहा है वहीं ग्लेशियर का लगातार पिघलते जाना भी बाढ़ को और अधिक भयावह बना रहा है। माना जा रहा है कि यह बाढ़ 1988 की उस भीषण बाढ़ से भी प्रलयकारी है जिसे हजार वर्षों में एक बार आने वाली बाढ़ की संज्ञा दी गयी थी। गोया हमें जल प्रलय के इस सन्देश को समझना होगा कि इन हालात के लिये ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप होने वाला जलवायु परिवर्तन ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। और निश्चित रूप से विकास और इसके नाम पर पैदा किये गये ग्लोबल वार्मिंग के यह हालात पूरी तरह मानवजनित हैं।



# शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 : बहुध्रुवीय विश्व में भारत की संतुलनकारी कूटनीति ...





तियानजिन, चीन में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन ने भारत को वैश्विक कूटनीति के केंद्र में ला खड़ा कर दिया है। सात साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी मुलाकातों ने विश्व राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। यह सब ऐसे समय में हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय निर्यात पर 50% भारी शुल्क लगाए जाने से नई दिल्ली और वॉशिंगटन के रिश्तों में दरार आ चुकी है। इस पृष्ठभूमि में भारत का यह सक्रिय कूटनीतिक खेल न केवल अमेरिका के लिए चेतावनी है बल्कि बदलते विश्व क्रम की झलक भी देता है।ट्रम्प प्रशासन का 50% आयात शुल्क भारत के 60 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा प्रहार है। इससे वस्त्र और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान उद्योग प्रभावित हुए हैं और दशकों से बन रही अमेरिका-भारत की निकटता कमजोर पड़ी है। साथ ही, रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका की दोहरी नीति ने भारत की असंतोष की भावना को और गहरा किया है, जिससे बीजिंग और मॉस्को को भारत को लुभाने का अवसर मिल गया। :: मोदी की वार्ताएं : चीन और रूस के बीच संतुलन :: भारत-चीन वार्ता : मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात 2020 के गलवान संघर्ष के बाद जमी बर्फ पिघलाने का संकेत थी। दोनों नेताओं ने सीमा पर तनाव कम करने, हवाई संपर्क बहाल करने, धार्मिक यात्रा मार्ग खोलने और व्यापार आसान बनाने पर सहमति जताई। हालांकि सीमा विवाद अभी भी बना हुआ है, जिससे भारत का रुख सतर्क और व्यवहारिक बना हुआ है। भारत-रूस वार्ता : पुतिन के साथ मोदी की गर्मजोशी भरी मुलाकात ने रिश्तों की मजबूती को फिर रेखांकित किया। छूट पर मिलने वाला रूसी तेल भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अहम है। दोनों नेताओं की गाड़ी में साझा यात्रा और गले मिलना इस बात का प्रतीक था कि रूस के चीन-निर्भर होते जाने के बावजूद भारत-रूस का रिश्ता कायम है। :: अमेरिका के लिए निहितार्थ :: यह शिखर सम्मेलन भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का स्पष्ट संदेश था। क्वाड (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत) का सदस्य होते हुए भी नई दिल्ली ने बीजिंग और मॉस्को के साथ संवाद बढ़ाकर यह साबित किया कि वह किसी एक धुरी का मोहरा नहीं बनेगा। रूस ने रूस-भारत-चीन (फकउ) त्रिपक्षीय मंच को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव रखा, जबकि चीन ने तुर्की, मिस्र और संयुक्त राष्ट्र महासचिव तक को मंच पर बुलाकर अपनी बहुध्रुवीय विश्व की परिकल्पना को मजबूती दी। हालांकि भारत-पाकिस्तान तनाव, सदस्य देशों के परस्पर विरोधी हित और ठोस परिणामों के अभाव के कारण एससीओ (रउ-ड) की सीमाएँ भी साफ हैं। वर्तमान परिदृश्य में यह मंच अभी अमेरिकी नेतृत्व वाली व्यवस्था का वास्तविक विकल्प बनेगी, इस पर अभी संशय है। भारत के लिए यह सम्मेलन चीन-रूस खेमे में झुकने से ज्यादा अपने विकल्पों को विस्तृत करने की रणनीति रहा।वर्तमान परिपेक्ष में शंघाई शिखर सम्मेलन 2025 कोई नया विश्व क्रम गढ़ता नहीं दीखता, लेकिन यह दिखाता है कि मौजूदा व्यवस्था चुनौती के दौर में है। अमेरिका के लिए सबक यह है कि शुल्क और दबाव जैसी नीतियां उसके साझेदारों को दूर कर सकती हैं। वहीं, भारत ने एक बार फिर साबित किया है कि वह किसी शक्ति का प्यादा नहीं, बल्कि वह धुरी है जो बदलते वैश्विक समीकरणों को आकार दे सकती है।

## संपादकीय

### युद्ध में पेड़ पौधे की भूमिका

प्रथम विश्व युद्ध के समय से ही प्रसिद्ध छलावरण तकनीकें द्वितीय विश्व युद्ध में और भी महत्वपूर्ण हो गईं। और सभी शक्तिशाली देशों ने इन विधियों का उपयोग करना शुरू कर दिया। इसका मुख्य कारण अपने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को अत्यधिक हवाई हमलों से बचाना और हवाई अड्डों का निर्माण करना था। सैन्य उपकरणों, मोटर वाहनों, स्वचालित टैंकों और बड़ी तोपों को तारों से बने पर्दों से ढक दिया जाता था ताकि वे वायुमंडल में छिप सकें और जहाँ तोपों, मशीनों और वाहनों को ढकना संभव न हो, वहाँ उन्हें काले, भूरे, हरे रंग से धब्बेदार और तिरछी आकृतियाँ बना दी जाती थीं ताकि हवाई सर्वेक्षण के दौरान आकृति खंडित ज्यामिति के रूप में दिखाई दे और भ्रम पैदा करके वास्तविक वस्तु को पहचानने से बचाया जा सके। इस प्रकार छलावरण का प्रयोग युद्धों में एक प्रभावी तकनीक बन गया और विजय समारोह में इसने अपनी भूमिका स्थापित कर ली। दक्षिण अफ्रीका में 1899-1902 तक हुए युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिक खाकी रंग की वर्दी पहनकर शत्रु से छिपते थे, क्योंकि यह पृष्ठभूमि से मेल खाती थी। परिणामस्वरूप, विश्व के सभी सैनिक खाकी रंग की वर्दी पहनते थे। आज भी सैनिक अपनी वर्दी का रंग प्राकृतिक वातावरण से मेल खाने लगे हैं, ताकि वे शत्रुओं की पैनी खोजी निगाहों से बच सकें। पिछले दशक में ईरान और इराक के बीच हुए युद्ध में कई आधुनिक छलावरण तकनीकों का इस्तेमाल किया गया था, जिनसे हम भली-भांति परिचित हैं। प्रथम विश्व युद्ध के बाद से हुए सभी युद्धों में छलावरण तकनीक और तकनीकों का सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया है। लेकिन वर्तमान में छलावरण तकनीक में अभूतपूर्व विकास हुआ है। पहले के युद्धों में पारंपरिक तकनीकों का प्रयोग इसलिए शामिल था क्योंकि सुदूर संवेदन, नैनो तकनीक और नैनो पदार्थों तथा स्टील्थ अनुप्रयोगों के साथ-साथ आधुनिक डिटेक्टर मौजूद नहीं थे और परिणामस्वरूप छलावरण विशेषताओं की पहचान करना आसान नहीं था। आजकल युद्ध में छलावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।जो पेड़ पौधे में लुक कर प्रकृति में छलावरण के सहारे गोरिल्ला युद्ध की जा रही है। चाहे वह प्राणी जगत हो या कीड़ों का संसार या महासागरों के विशाल जलीय जीव, सभी प्राणियों को अपने अस्तित्व के लिए शिकार से बचने हेतु छलावरण का सहारा लेना पड़ता है। यदि हम अपने परिवेश पर नजर डालें, तो ऐसे अनेक प्राणी हैं जिनका रंग, रूप, आकृति, रूप और प्रकार विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं, जैसे जंगली जानवर जेबरा, तेंदुआ, विभिन्न प्रकार के पक्षी, गिरगिट, मेंढक और साँप आदि। प्राचीन काल से ही गुरिल्ला और छापामार सैनिक युद्ध में शत्रु को धोखा देने के लिए छलावरण का प्रयोग करते रहे हैं। प्राचीन ट्रोजन युद्ध में प्रयुक्त लकड़ी का ट्रॉय घोड़ा, लकड़ी के घोड़े की छाया को एक स्थान पर रखकर दस वर्षों तक अपनी रक्षा कर सकता था। चंगेज खान के मंगोल सैनिक अपनी टोपियों पर पेड़ों की पत्तियाँ और शाखाएँ रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास करते थे और इस प्रकार प्राकृतिक सुरक्षा में छिपकर अपने शत्रुओं से युद्ध करते थे।

छलावरण (कैमोफ्लेज) फ्रांसीसी शब्द कैमोफ्लेज से लिया गया है जिसका शाब्दिक अर्थ है सामने वाले व्यक्ति (शत्रु) पर धुआँ फेंकना, आँखों में धूल झोंकना या धोखा देना। छलावरण एक गुप्त कला है जिसके द्वारा हमारी सेनाओं, हथियारों और अन्य सामग्रियों को इस प्रकार छिपाकर रखा जाता है कि शत्रु की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए भी शत्रु भ्रमित हो जाए।

## (आस्था)

### 6 या 7 सितंबर, कब है भाद्रपद पूर्णिमा? नोट करें सही तिथि, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि...

हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व होता है, जो भगवान विष्णु को समर्पित होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत को करने से साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है और भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा पूर्णिमा तिथि पर स्नान-दान का भी विशेष महत्व बताया गया है। आपको बता दें कि इस बार भाद्रपद माह की पूर्णिमा पर साल का दूसरा चंद्र ग्रहण भी लगने वाला है। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा और भारत में भी दिखाई देगा। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल भाद्रपद माह की पूर्णिमा कब है, चंद्रग्रहण के दौरान कैसे रखें पूर्णिमा का व्रत और जानिए इसकी पूजा विधि भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि और मुहूर्त वैदिक पंचांग के अनुसार, 6 सितंबर को मध्यरात्रि 1 बजकर 42 मिनट से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होगी और 7 सितंबर को रात 11 बजकर 39 मिनट तक यह तिथि चलेगी। ऐसे में इस वर्ष भाद्रपद माह की पूर्णिमा का व्रत 7 सितंबर, रविवार को किया जाएगा। साथ ही इस दिन चंद्र ग्रहण भी लगने वाला है। चंद्रग्रहण के दौरान कैसे करें पूर्णिमा का व्रत? वैदिक पंचांग के अनुसार, 7 सितंबर को चंद्र ग्रहण सुबह 8 बजकर 58 मिनट बजे से लेकर मध्यरात्रि 1 बजकर 25 मिनट तक रहेगा। बता दें चंद्र ग्रहण शुरू होने से पहले लगभग 9 घंटे पहले सूतक काल आरंभ हो जाएगा। ऐसे में अगर आप भी पूर्णिमा का व्रत रखने वाले हैं तो 7 सितंबर को सुबह 12 बजकर 57 मिनट बजे से पहले अपनी पूजा पूरी कर लें। शाम के समय चंद्रमा को अर्घ्य दें, क्योंकि सूतक काल में मूर्ति को स्पर्श करना वर्जित होता है। चंद्रग्रहण का प्रभाव रात 8 बजकर 58 मिनट से मध्यरात्रि 1 बजकर 25 मिनट तक रहेगा, इसलिए इस समय से पहले ही पूजा पूरी कर लें। 12 महीने बाद सूर्य और शुक्र की बनेगी महायुति, इन राशियों की चमक सकती है किस्मत, पद- प्रतिष्ठा मिलने के योग पूर्णिमा व्रत पूजा विधि पूर्णिमा तिथि के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि कर लें। उसके बाद सबसे पहले सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का संकल्प लें। फिर ईशान कोण में एक लकड़ी की चौकी रखें और उस पर पीले रंग का वस्त्र बिछाएं और उसपर लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा स्थापित करें। अब भगवान का तिलक करें और घी का दीपक जलाएं। उन्हें रोली, चंदन, धूप आदि अर्पित करें। इसके बाद पूर्णिमा व्रत कथा का पाठ करें, लक्ष्मी नारायण की आरती करें। अंत में भगवान को भोग लगाएं और प्रसाद बांटें। पूजा समाप्त होने के बाद चंद्रमा को कच्चा दूध डालकर अर्घ्य दें और व्रत का पारण करें।

## आज का राशिफल

**मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेषः** आप महसूस करेंगे कि आस-पास के लोग बहुत ज्यादा मांग करने वाले हैं। लेकिन जितना आप कर सकते हैं, उससे ज्यादा करने का वादा न करें और केवल दूसरे को खुश करने के लिए खुद को तनाव से नहीं थकाएँ। माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। अपने दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का गलत फायदा न उठाने दें। सोशल मीडिआ पर अपने प्रिय के पिछले 2-3 संदेश देखिए, आपको एक खूबसूरत ताज्जुब का एहसास होगा। यह उन उम्दा दिनों में से एक दिन है जब कार्यक्षेत्र में आप अच्छा महसूस करेंगे।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभः** सेहत अच्छी रहेगी। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे। जिसपर आप यक़ीन करते हैं, मुमकिन है वह आपको पूरा सच न बता रहा हो। आपकी दूसरों को राजी करने की क्षमता आने वाली मुश्किल को हल करने में कारगर साबित होगी। आज आपकी कोई बुरी आदत आपके प्रेमी को बुरी लग सकती है और वो आपसे नाराज हो सकते हैं। अपने उद्देश्यों की ओर शान्ति से बढ़ते रहें और सफलता मिलने से पहले अपने पत्ते न खोलें। इस राशि के बच्चे आज खेलकूद में दिन बिता सकते हैं।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुनः** अपने मनमौजी और जिद्दी स्वभाव को काबू में रखें, खास तौर पर किसी जलसे या पार्टी में। क्योंकि ऐसा न करने पर वहाँ का माहौल तनावग्रस्त हो सकता है। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से मिली आकस्मिक अच्छी खबर आपके पूरे परिवार के लिए खुशी के लम्हे लाएगी। अपनी व्यक्तिगत भावनाएँ और गोपनीय बातें अपने प्रिय से बाँटने का सही समय नहीं है। दिवास्वप्नों में समय खपाना नुकसानदेह रहेगा, इस मुगालते में न रहें कि दूसरे आपका काम करेंगे।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्कः** उम्रदराज लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है। सट्टेबाजी से फायदा हो सकता है। बच्चे ज्यादा वक़्त साथ बिताने की मांग करेंगे- लेकिन उनका बर्ताव सहयोगी और समझदारी भरा होगा। अपने प्रिय की बेजा मांग के आगे न झुकें। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। अगर आप जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालेंगे और गैर-जरूरी काम करेंगे, तो आज का दिन काफी निराशाजनक हो सकता है। आप अपने जीवनसाथी के साथ रोमानी दिन गुजार सकते हैं, इससे आपका रिश्ता मजबूत होगा।

**सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंहः** योग और ध्यान आपको बेडौल होने से बचाने और मानसिक तौर पर सेहतमंद रखने में मददगार साबित होंगे। इस राशि के कुछ लोगों को आज जमीन से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर धन खर्च करना पड़ सकता है। आज के दिन औरों की राय सुनना और उनपर अमल करना महत्वपूर्ण होगा। अपने दोस्त से बहुत लम्बे समय बाद मिलने का खयाल आपके दिल की धड़कन को बढ़ा सकता है। कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक़्क़ी मिलेगी। वक़ील के पास जाकर कानूनी सलाह लेने के लिए अच्छा दिन है। आज का दिन उन्माद में घिर जाने का है।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्याः** अपना मूड बदलने के लिए सामाजिक मेलजोल का सहारा लें। आज सफलता का मंत्र यह है कि उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों। पारिवारिक सदस्यों से मतभेद खत्म कर आप अपने उद्देश्यों की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं। प्रेम का आह्लाद महसूस करने के लिए आप किसी नए व्यक्ति से मिल सकते हैं। सही दिशा में ईमानदारी से उठाए गए कदम निश्चित तौर पर लाभ देंगे। यात्रा और शिक्षा से जुड़े काम आपकी जागरुकता में वृद्धि करेंगे।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुलाः** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें। सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें। आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। आप सभी पारिवारिक कर्जे खत्म करने में कामयाब रहेंगे। याद रखिए कि आँखें कभी झूठ नहीं बोलतीं। आज आपके प्रिय की आँखें आपको वाकई कुछ खास बताएंगी। किसी के साथ नयी परियोजना या भागीदारी वाले व्यवसाय को शुरू करने से बचें। आज आप कोई नई पुस्तक खरीदकर किसी कमरे में खुद को बंद करके पूरा दिन गुजार सकते हैं। रिश्ते ऊपर स्वर्ग में बनते हैं और आपका जीवनसाथी आज यह साबित कर सकता है।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिकः** अपने दिन की शुरूआत कसरत से करें- यही वक़्त है जब आप अपने बारें में अच्छा महसूस करने की शुरूआत कर सकते हैं- इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें और नियमित रखने की कोशिश करें। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है। घरेलू मामलों और काफी समय से लंबित घर के काम-काज के हिसाब से अच्छा दिन है। संभव है आज आप अपने प्रिय को टॉफी और कॉकलेट वगैरह दें। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू में जाने के लिए अच्छा समय है। आज का दिन फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि ऐसा लगता है कि चीजें आपके पक्ष में जाएंगी और आप हर काम में अव्वल रहेंगे।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनुः** कॉफी पीना छोड़ दें, खास तौर पर दिल के मरीज। निश्चित तौर पर वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा- लेकिन साथ ही खर्चों में भी इजाफा होगी। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें। आप आज प्रेमपूर्ण मनोभाव में होंगे, इसलिए अपने प्रिय के साथ कुछ अच्छा समय बिताने की योजना बनाएँ। अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें। आज आप अपना खाली समय अपनी माता की सेवा में बिताना चाहेंगे।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकरः** अपने दफ़्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करें और वे काम करें जिन्हें आप वाकई पसंद करते हैं। जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। अपने घर के वातावरण में कुछ बदलाव करने से पहले आपको सभी की राय जानने की कोशिश करनी चाहिए। सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है। आज के दिन आप सबके ध्यान का केंद्र होंगे और सफलता आपकी पहुँच में होगी।

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभः** तनाव से बचने के लिए अपना क़ीमती वक़्त बच्चों के साथ गुजारें। आप बच्चों की उपचार करने की शक्ति महसूस करेंगे। वे आध्यात्मिक तौर पर धरती पर सबसे ज्यादा ताकतवर और भावनात्मक लोग हैं। उनके साथ आप खुद को ऊर्जा से लबरेज पाएंगे। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक़्त में आप फिर पा सकें। आपके जीवन-साथी की सेहत तनाव और चिंता का कारण बन सकती है। मुमकिन है कि आपके आँसुओं को पोंछने के लिए कोई खास दोस्त आगे आए।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीनः** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। आप जीवन में पैसे की अहमियत को नहीं समझते लेकिन आज आपको पैसे की अहमियत समझ में आ सकती है क्योंकि आज आपको पैसे की बहुत आवश्यकता होगी लेकिन आपके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं। रोमांटिक मनोभावों में अचानक आया बदलाव आपको काफी खिन्न कर सकता है। मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा।

# 'पति पत्नी और वो 2' की शूटिंग के दौरान हंगामा





बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग अक्सर लोगों के लिए उत्साह और जिज्ञासा का कारण बनती है। जब किसी बड़े स्टार की फिल्म किसी शहर में शूट हो रही होती है, तो वहां का माहौल अचानक बदल जाता है। कुछ लोगों के लिए यह मनोरंजन का अवसर होता है, तो कुछ के लिए परेशानी। हाल ही में प्रयागराज के सिविल लाइंस क्षेत्र में आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की आने वाली फिल्म पति पत्नी और वो 2 की शूटिंग के दौरान ऐसा ही कुछ देखने को मिला, जब माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया और एफआईआर तक दर्ज हुआ।बुधवार को शूटिंग के समय की एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें कुछ स्थानीय युवाओं को फिल्म की टीम के एक सदस्य के साथ मारपीट करते हुए देखा गया। बताया गया कि पीड़ित सदस्य फिल्म के प्रोडक्शन हेड जोहेब सोलापुरवाला थे। एक और वीडियो में आयुष्मान और सारा अली खान को किसी के साथ बहस करते हुए भी देखा गया। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, घटना तब शुरू हुई जब कुछ लोग मोबाइल से फिल्म की शूटिंग रिकॉर्ड करने लगे। प्रोडक्शन टीम ने इसका विरोध किया और इसी दौरान विवाद बढ़ गया। दो-तीन युवकों ने अचानक टीम के सदस्य को घेर लिया और थप्पड़ जड़ दिए।शुक्रवार को सिविल लाइंस थाने में इस मामले की स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गई। शिकायत लाइन प्रोड्यूसर सौरभ तिवारी ने दर्ज कराई। आरोप है कि स्थानीय युवक मेराज अली ने वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अन्य अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है। डीसीपी (सिटी) अभिषेक भारती ने बताया कि शूटिंग टीम को सुरक्षा मुहैया कराई गई है। ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पहले से पुलिस मौजूद थी, लेकिन कुछ लड़के वीडियो बना रहे थे, जिससे झगड़ा शुरू हो गया। मामला अब आईटी एक्ट 2008 की धारा 66 और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।सूत्रों के अनुसार, जिस दिन यह विवाद हुआ, उस समय बड़ी संख्या में लोग शूटिंग देखने जमा हो गए थे। शहर के सिविल लाइंस इलाके में मौजूद ऑल सेंट्स कैथेड्रल चर्च के पास शूटिंग चल रही थी। इसके लिए सड़क की एक लेन को बंद कर दिया गया था, जिससे भीषण ट्रैफिक जाम लग गया। जाम और भीड़ से परेशान कुछ लोग गुस्से में आ गए और उन्होंने वहां हंगामा खड़ा कर दिया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि शूटिंग के दौरान अचानक कुछ युवक आए और उन्होंने एक क्रू मेंबर को मारना शुरू कर दिया।



# अनुपमा के 5 साल पूरे होने पर रूपाली गांगुली ने दी भावुक प्रतिक्रिया



*रूपाली गांगुली ने अनुपमा को लेकर एक इमोशनल नोट शेयर किया। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए अनुपमा मेरे पापा का सपना पूरा होना है, मेरी मम्मा का सपना पूरा होना है। ये मेरे पेरेंट्स की ब्लेसिंग है; ये मेरे पति की ख्वाहिश है कि मुझे नई पहचान मिले। ये शो मेरी चाहत नहीं बल्कि मेरी ज़रूरत था, और ये शो मैंने मांगा था। भगवान ने राजन शाही के ज़रिए मुझे ये शो दिया। अनुपमा मेरे लिए आत्म-सम्मान है*

स्टार प्लस के लोकप्रिय शो अनुपमा ने हाल ही में टीवी पर शानदार पांच साल पूरे कर लिए, जो इसके जबरदस्त प्रभाव और लोकप्रियता को दिखाता है। ऐसे में मेकर्स ने इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए एक छोटा से गेट टुगेदर का आयोजन किया। इसमें कास्ट और मीडिया मौजूद था। इवेंट के दौरान, प्रोड्यूसर राजन शाही की मां दीपा शाह का ज़िक्र किया गया, जिन्होंने अनुपमा की दिल छू लेने वाली कहानी लिखी है। अनुपमा का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली ने इस मौके पर अपना आभार व्यक्त किया। इतना ही नहीं रुपाली ने कहा कि दीपा शाह ही इस शो का मूल, आधार और प्रेरणा हैं।इस मौके पर रूपाली गांगुली ने अनुपमा को लेकर एक इमोशनल नोट शेयर किया। उन्होंने कहा, मेरे लिए अनुपमा मेरे पापा का सपना पूरा होना है, मेरी मम्मा का सपना पूरा होना है। ये मेरे पेरेंट्स की ब्लेसिंग है; ये मेरे पति की ख्वाहिश है कि मुझे नई पहचान मिले। ये शो मेरी चाहत नहीं बल्कि मेरी ज़रूरत था, और ये शो मैंने मांगा था। भगवान ने राजन शाही के ज़रिए मुझे ये शो दिया। अनुपमा मेरे लिए आत्म-सम्मान है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-प्रेम है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-विश्वास है, जो मेरी जिंदगी के बहुत संघर्ष भरे दिनों के बाद आया। इस तरह से उनके शब्दों ने सिर्फ व्यक्तिगत आभार ही नहीं व्यक्त किया है, बल्कि उस गहरे कनेक्शन को पर भी रोशनी डाली है, जो वो इस किरदार से साझा करती हैं और जिसने लाखों दिलों को छुआ है। शुरुआत से ही, अनुपमा देश भर के दर्शकों के लिए एक इमोशन की तरह रहा है और सिर्फ एक टीवी शो नहीं है। इस शो ने कई स्टीरियोटाइप तोड़े हैं और इंडियन टेलीविजन ड्रामाज के लिए अपनी शानदार कहानी, बेहतरीन किरदार और जबरदस्त प्रदर्शन के कारण नए स्टैंडर्ड सेट किए हैं। जैसे-जैसे अनुपमा शो हर साल आगे बढ़ रहा है, इसकी कहानी दर्शकों को लगातार आकर्षित कर रही है। यही कारण है कि आज भी स्टार प्लस पर ये शो सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। देखिए अनुपमा हर रोज रात 10 बजे स्टार प्लस पर।




# एल्विश यादव और माहिरा का रोमांटिक वीडियो हुआ वायरल





फेमस यूट्यूबर एल्विश यादव और एक्ट्रेस माहिरा शर्मा का रोमांटिक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।डेटिंग की अफवाहों के बीच एल्विश ने साफ किया कि यह सिर्फ एक प्रमोशनल रील थी, कोई रियल रिलेशन नहीं।फेमस यूट्यूबर और टीवी स्टार एल्विश यादव आज किसी पहचान के मोहताज नही हैं। एल्विश यादव अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में रहते हैं। अब हाल ही में एल्विश यादव का माहिरा शर्मा के साथ एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें उड़ने लगी हैं। एल्विश ने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ 'एक दीवाने की दीवानियत' के गाने के लिए एक प्रमोशनल रील थीदरअसल, अब वायरल वीडियो पर एल्विश यादव ने माहिरा शर्मा के साथ डेटिंग की अफवाहों को खारिज करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने फैन्स से उनके वायरल 'रोमांटिक' वीडियो को ज्यादा सीरियस न लेने के लिए कहा और बताया कि डेटिंग की अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक प्रमोशनल रील थी जो उन्होंने साथ में शूट की थी। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर वीडियो के बारे में नहीं लिखा, लेकिन उन्होंने लिखा, 'प्रमोशनल रील है दोस्तों इतना सीरियस मत हुआ करो।'बता दें, एल्विश यादव के इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में वे और माहिरा शर्मा एक-दूसरे का हाथ थामे बगीचे में रोमांटिक सैर करते दिख रहे हैं। वे माहिरा को एक फूल भी देते नजर आए और उनकी केमिस्ट्री लाजवाब थी।यह देखते ही देखते वायरल हो गया! वीडियो में वे रोमांटिक पोज देते और हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की आने वाली फिल्म ' एक दीवाने की दीवानियत ' के गाने 'दीवानियत' को रीक्रिएट करते नजर आए। रोल प्ले करने वाले हर्षवर्धन राणे ने प्रमोशनल रील के लिए एल्विश को धन्यवाद दिया। उन्होंने पोस्ट पर कमेंट किया- धन्यवाद सर। फैन्स का ध्यान एल्विश के कैप्शन ने खींचा, जिसमें उन्होंने खुद को 'रोमांटिक राव साहब' कहा। इस वीडियो के बाद उनके रोमांस की अफवाहें उड़ीं और फैन्स सोचने लगे कि क्या वे डेटिंग कर रहे हैं। एल्विश ने अब सफाई देते हुए कहा है कि यह सिर्फ एक प्रमोशनल रील थी।एल्विश यादव बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर बनने के बाद उन्होंने बतौर मेंटर एमटीवी शो 'रोडीज' भी जीता। इस शो के बाद वह कलर्स के फेमस 'लाफ्टर शेफ-2' का भी हिस्सा बने, जहां उनकी जोड़ी करण कुंद्रा के साथ बनी।



# शुभांगी अत्रे ने मनाया अपनी दादी मां का 100वां जन्मदिन

एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी के अपने आइकॉनिक किरदार के लिए मशहूर शुभांगी अत्रे ने हाल ही में अपनी दादीमां के 100वें जन्मदिन का जश्न मनाया। यह उनके जीवन के सबसे यादगार पलों में से एक था। शुभांगी अपनी दादी के बेहद करीब हैं और उनका मानना है कि अपनी दादी का 100वां जन्मदिन मनाना उनकी खुशनसीबी है। उन्होंने कहा कि उनकी दादी पूरे परिवार के लिए शक्ति और प्रेरणा का असली स्तंभ हैं।शुभांगी ने अपनी भावनाएं जाहिर करते हुए कहा, ''दादी मां का 100वां जन्मदिन मनाना किसी वरदान से कम नहीं है। मेरी प्यारी दादी ने सब कुछ देखा है-युद्ध, नए आविष्कार, सांस्कृतिक बदलाव, बॉलीवुड का सुनहरा दौर और यहां तक कि सोशल मीडिया और टिकटॉक का उदय भी! वह हमारे परिवार की असली 'इन्फ्लुएंसर' हैं, जो अपनी समझ, प्यार और ताकत से हमें हमेशा मार्गदर्शन देती हैं। उनका एक सदी का सफर हमें हर दिन प्रेरित करता है और दृढ़ता और सकारात्मकता की ताकत याद दिलाता है। मैं बस यही कहना चाहूंगी कि यह सिर्फ आपके लिये ही नहीं बल्कि हम सभी के लिये एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और जश्न का मौका है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूँ कि मैं आपकी पोती हूँ। दादी, आपको 100वां जन्मदिन बहुत-बहुत मुबारक हो!'' अपनी पसंदीदा अभिनेत्री 'शुभांगी अत्रे' को अंगूरी भाबी का किरदार निभाते देखिये, 'भाबीजी घर पर हैं' में, रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर!

# विशाल-अंशुल की एक दीवाने की दीवानियत के टाइटल ट्रैक से इंटरनेट पर धूम मचाई

फिल्म एक दीवाने की दीवानियत का टाइटल ट्रैक दीवानियत, जिसे विशाल मिश्रा ने गाया है, इंटरनेट पर काफी लोकप्रिय हो गया है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा अभिनीत इस फिल्म का टीज़र हाल ही में रिलीज़ हुआ था, जिसने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।



यह गाना म्यूजिक लेबल प्ले डीएमएफ के संस्थापक अंशुल गर्ग का बतौर निर्माता पहला फिल्मी गीत है। उन्होंने पहले भी कई हिट गाने दिए हैं। दीवानियत गाने से पहले, विशाल मिश्रा और अंशुल गर्ग की जोड़ी ने मांझा जैसे सफल गाने दिए हैं। गाने के पूरी तरह से रिलीज़ होने से पहले ही, यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और इसके कई फैन एडिट्स बन रहे हैं।

इस गाने को मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया पर अंशुल गर्ग कहते हैं, दीवानियत मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह बतौर फिल्म निर्माता मेरा पहला गाना है। रिलीज़ से पहले ही जो प्यार मिला है, वो बेहद खास है। दर्शकों का यह उत्साह दिखाता है कि कहानी को कहने में संगीत कितना महत्वपूर्ण है। मुझे यकीन है कि जब दर्शक पूरा गाना सुनेंगे तो इसे और भी पसंद करेंगे।विशाल मिश्रा भी अंशुल से सहमत हैं। वे कहते हैं, मैंने बहुत सारे फिल्मी गाने गाए हैं, लेकिन बहुत कम गानों को रिलीज़ से पहले इतना प्यार मिला है। दीवानियत को मिला प्यार ही सब कुछ कह देता है। अब मैं दर्शकों के पूरे गाने को सुनने और उनकी प्रतिक्रिया जानने का इंतज़ार कर रहा हूँ।

मिलाप मिलन ज़वेरी द्वारा निर्देशित और राघव शर्मा के सह-निर्माण में बनी एक दीवाने की दीवानियत एक गहरी प्रेम कहानी है। यह फिल्म इस दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

# ट्रंप टैरिफ से कोविड स्टाइल में निपटेगी मोदी सरकार फिर लागू हो सकती हैं लॉकडाउन वाली योजनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी का टैरिफ लागू कर दिया है। इस टैरिफ का सीधा असर भारतीय निर्यातकों और कामगारों पर पड़ने वाला है। वहीं टैरिफ से लाखों नौकरियों पर भी खतरा मंडरा रहा है। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम से बचने का रास्ता मोदी सरकार ने निकाल लिया है। कोविड लॉकडाउन के दौरान जिस तरह की योजनाएं लागू की गई थीं, कुछ उसी स्टाइल में सरकार लोगों को राहत देने की योजना बना रही है। इसके अलावा अमेरिका से अलग बाजार तलाशने और ग्लोबल सप्लाई चेन के एकीकरण के लिए लंबी अवधि की रणनीतियों पर काम किया जा रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक दो सीनियर अधिकारियों ने बताया कि सरकार सबसे पहले नकदी की समस्या का समाधान निकालने पर विचार कर रही है। वहीं निर्यात और रोजगार बचाने के लिए सरकार कोविड स्टाइल में योनजाएं चलाना चाहती है। ट्रंप के टैरिफ की वजह से कई तरह के दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। जैसे कि भुगतान में देरी, देर से सामान का पहुंचना, ऑर्डर रद्द होना। वहीं निर्यात को बरकरार रखने के लिए नई मार्केट की जरूरत है। जब तक नई मार्केट नहीं मिलती, निर्यातकों को ऑपरेशन जारी रखने के लिए राहत देना जरूरी है।



## सरकार कर सकती है राहत पैकेज का ऐलान

अधिकारियों के मुताबिक सरकार ने कोरोना लॉकडाउन के दौरान जिस तरह के राहत पैकेज का ऐलान किया था, उसी तरह के राहत पैकेज का एक बार फिर ऐलान हो सकता है।

उद्योगों में नकदी की समस्या, खास तौर पर लघु और मध्यम उद्योगों के लिए इस तरह की योजनाएं जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इमर्जेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम जैसी योजनाओं पर फोकस करना चाहती है जो कि 100 फीसदी गारंटी के साथ बिना जमानत के लोन उपलब्ध करवा सकें। इससे लाखों छोटे और मध्यम उद्योग दीवालिया होने से बच जाएंगे। लॉकडाउन के दौरान जब 68 दिनों के लिए औद्योगिक गतिविधियां ठप हो गई थीं, तब इसी योजना ने उद्योगों को बचा लिया था। अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा समस्या और उसके समाधान को देखते हुए इन योजनाओं में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तत्काल राहत के साथ सरकार चरणबद्ध तरीके से भी योजानाएं लागू करेगी जिससे लंबी अवधि की रणणनीति तैयार हो सके। नकदी उपलब्ध करवाने के साथ ही मौजूदा व्यापार समझौतों को मजबूत करने और नई मार्केट में अवसरों की तलाश का काम भी तेज होगा।

## जीएसटी से भी राहत

अधिकारियों ने कहा कि टैक्स से जुड़ी भी कई राहत देने पर सरकार विचार कर रही है। इसमें जीएसटी रिफॉर्म भी शामिल है। अगले सप्ताह होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्स घटाने से संबंधित कई फैसले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर मजबूती की वजह से भारत की अर्थव्यवस्था को खतरा नहीं है। टैरिफ जैसे बाहरी फैक्टर भारत की अर्थव्यवस्था को ज्यादा प्रभावित नहीं कर पाएंगे।

## जीडीपी में निर्यात का मामूली योगदान

अधिकारियों ने कहा कि घरेलू उपभोग की वजह से अर्थव्यवस्ता लचीली है। निर्यात अर्थव्यवस्ता के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन यह भारत की जीडीपी 4.12 ट्रिलियन डॉलर का छोटा हिस्सा है। निर्यात का जीडीपी में योगदान केवल 10 फीसदी यानी 438 मिलियन डॉलर का ही है। ऐसे में जून में समाप्त होने वाली तिमाही में भी आर्थिक वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही।

# धनखड़ को अभी तक नहीं मिला सरकारी बंगला, प्राइवेट घर में होंगे शिफ्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस्तीफा देने के बाद अभी भी उपराष्ट्रपति के आधिकारिक आवास में ही रह रहे हैं। उन्हें अभी तक नया सरकारी बंगला नहीं मिला है। इसकी प्रक्रिया अभी भी जारी है। इस बीच खबर आ रही है कि वह जल्द ही दक्षिण दिल्ली के छतरपुर एनक्लेव स्थित निजी आवास में शिफ्ट हो सकते हैं। आपको बता दें कि धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया था। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद का चुनाव होना है और उससे पहले उन्हें संसद भवन परिसर के पास चर्च रोड स्थित उपराष्ट्रपति आवास खाली करना होगा। धनखड़ पिछले वर्ष अप्रैल से उपराष्ट्रपति आवास में रह रहे थे। लेकिन अब तक उन्हें सरकारी आवास आवंटित नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को टाइप-8 बंगला दिया जाता है। इसका प्रबंधन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय करता है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय के अधिकारी धनखड़ से मिले थे, लेकिन अगले आवास को लेकर चर्चा आगे नहीं बढ़ पाई। ऐसे में धनखड़ ने अंतरिम व्यवस्था के रूप में छतरपुर एनक्लेव का निजी मकान चुना है।

**सरकारी आवास की प्रक्रिया में वक्त लगेगा :** धनखड़ के दफ्तर ने मंत्रालय को औपचारिक अनुरोध भेज दिया है। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा, जब अनुरोध प्राप्त होता है तो उपलब्ध विकल्प पूर्व उपराष्ट्रपति को दिखाए जाते हैं। चयन के बाद सीपीडब्ल्यूडी जरूरी मरम्मत और संशोधन का काम शुरू करती है। इस पूरी प्रक्रिया में आमतौर पर कम से कम तीन महीने लग जाते हैं।

**पेंशन की प्रक्रिया शुरू :** इस बीच, धनखड़ ने राजस्थान विधानसभा सचिवालय में पूर्व विधायक पेंशन के लिए भी आवेदन किया है। वह 1993 से 1998 तक किशनगढ़ से विधायक रहे थे। सूत्रों के अनुसार, सचिवालय ने उनकी फाइल पर प्रक्रिया शुरू कर दी है। धनखड़ को पहले बतौर विधायक 35,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती थी। नियमों के मुताबिक 70 वर्ष से अधिक आयु होने पर पेंशन में 20 की वृद्धि की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 शहरों के बीच भी चलेगी बुलेट ट्रेन, सर्वे का आदेश



**बेंगलुरु, एजेंसी।** देश में बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को घोषणा की कि दक्षिण भारत में बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए सर्वे का आदेश दिया गया है। नायडू ने कहा कि प्रस्तावित बुलेट ट्रेन नेटवर्क दक्षिण भारत के चार बड़े शहरों हैदराबाद, चेन्नई, अमरावती और बेंगलुरु को जोड़ेगा। उन्होंने कहा, बहुत जल्द दक्षिण भारत में बुलेट ट्रेन आने वाली है। इसके लिए सर्वे का आदेश दे दिया गया है। हैदराबाद, चेन्नई, अमरावती और बेंगलुरु–इन चार शहरों की आबादी पांच करोड़ से अधिक है और यह दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की राजधानी टोक्यो से सेंदाई तक बुलेट ट्रेन में यात्रा की। उनके साथ जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा भी मौजूद थे। टोक्यो स्थित जापानी दैनिक द योमिउरी शिम्बुन को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने देशभर में 7,000 किलोमीटर लंबा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना प्रगति पर है। हमने इससे भी बड़ा सपना रखा है। देशभर में 7,000 किलोमीटर का हाई-स्पीड रेल नेटवर्क बनाना है। हम मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर पर अगले कुछ वर्षों में यात्री सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य रखते हैं। राष्ट्रीय रेल योजना में पहले से ही कई संभावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का उल्लेख किया गया है। इनमें दिल्ली-वाराणसी, दिल्ली - अहमदाबाद, मुंबई - नागपुर, मुंबई - हैदराबाद, चेन्नई - मैसूर, दिल्ली - अमृतसर और वाराणसी - हावड़ा जैसे रूट शामिल हैं।

### पति का गला दबाकर मौत के घाट उतारने वाली पत्नी गिरफ्तार, रस्सी बांधकर लटकाना था शव और फिर...

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** संपत्ति के लालच में आकर पति की हत्या करने वाली पत्नी कविता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी दिनेशचंद बघेल ने बताया कि 29 जुलाई को भोपाल सिंह निवासी गांव टांडा माजरा थाना बुढ़ाना ने पुलिस को सूचना दी उसके बेटे संजय की हत्या उसकी पत्नी कविता ने की है। पुलिस ने कविता निवासी रार्धना थाना सरधना मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि पति संजय की पहले भी शादी हो चुकी थी। वर्ष 2000 में उसकी संजय निवासी सैनिक विहार एटूजेड थाना नई मंडी से शादी हुई थी। उसे डर था कि वह सारी सम्पत्ति पहली पत्नी के बच्चों को दे देगा। 26 जुलाई की रात्रि सो रहे पति की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या दर्शाने पति रस्सी से बांधकर लटकाने का प्रयास किया। उसके पति का बेटा नीशू आ गया। उसने पति को नीचे उतारकर दिल का दौरा पडने का ड्रामा रच दिया। ससुराल पक्ष के लोग शव को पृतक गांव टांडा माजरा में चले गये, चोट के निशान देखकर पुलिस को मामले की सूचना दी। भावनपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी जूनियर इंजीनियर अशोक ने कुछ समय पूर्व एक युवती के साथ अश्लील हरकतें करते हुए उसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए थे। युवती के परिजनों ने जानकारी थाना पुलिस को देते हुए तहरीर दी थी। सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।





## यूरिया को लेकर विवाद, दारोगा ने किसान को मारा थप्पड़, वायरल वीडियो देख भड़के लोग

**नारायणपेट, एजेंसी।** तेलंगाना के नारायणपेट जिले में दारोगा ने यूरिया को लेकर हुए विवाद के दौरान एक किसान को थप्पड़ मार दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसे देखने के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। यह घटना शनिवार को तिलेरु में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति में हुई। सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान यूरिया खरीदने के लिए जमा हुए थे। स्टॉक कम होने और मांग अधिक होने के कारण किसानों में कमी को लेकर निराशा बढ़ गई, जिससे तनाव पैदा हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, किसानों ने अधिकारियों से पर्याप्त यूरिया बैग की व्यवस्था करने की मांग रखी। इस दौरान भीड़ बेकाबू होती जा रही थी जिसे नियंत्रित करने में पुलिस को कठिनाई होने लगी।

## भगवान से बदला ले रहा था, 10 साल से मंदिरों में चोरी कर रहा था शख्स

**दुर्ग, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में और उसके आसपास के मंदिरों से पिछले एक दशक से हो रही चोरियों का आरोपी को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 45 साल का ये शख्स मंदिरों के दानपात्रों के ताले तोड़कर पैसे चुराता था और बिना कोई सबूत छोड़े गायब हो जाता था। उसका कहना है कि वह भगवान से बदला लेने के लिए इन चोरियों को अंजाम देता था।



रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी एचआईवी पॉजिटिव है। 2012 में एक मारपीट के मामले में जेल की सजा काटते समय उसे ये बीमारी हो गई और तभी से भगवान पर से उसका विश्वास उठ गया। उसने कहा कि भगवान को उनकी जगह दिखान के लिए मैंने मंदिरों को निशाना बनाने का फैसला किया। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने दुर्ग और आसपास के इलाकों में मौजूद मंदिरों से 10 चोरियों की बात स्वीकार की है। हालांकि पुलिस को शक है इसमें और भी लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने बताया कि उसका चोरी का तरीका एक ही तरह का था। वह केवल दानपेटियों से कैश चुराता था। गहनों को छूता भी नहीं था। सीसीटीवी फुटेज में पहचाने जाने से बचने के लिए वह हर चोरी से पहले और बाद में कपड़े बदल लेता था, और अपना जुपिटर स्कूटर हमेशा घटनास्थल से दूर खड़ा करता था। चोरी का ताजा मामला 23-24 अगस्त का है जब आरोपी ने जैन मंदिर में चोरी की थी। इसके अगले दिन उसे पूछताछ के लिए उठाया गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया।

### कैसे पकड़ा गया आरोपी

रिपोर्ट के मुताबिक जैन मंदिर में चोरी के बाद पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए और त्रिनयन ऐप के ज़रिए उसकी गतिविधियों पर नज़र रखी। मुखबिरों को भी तैनात किया गया। सीसीटीवी कैमरे से क्लू मिलने के बाद आरोपी के घर का पता लगा लिया गया। कई बार कपड़े बदलने और कैमरों से बचने के लिए संकरी गलियों का इस्तेमाल करने के बावजूद, पुलिसउसकी गतिविधियों का पता लगाने में कामयाब रहे। फिर उसे घेर लिया गया और पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 2012 में जेल से रिहा होने के तुरंत बाद मंदिरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया था। वह पहले मंदिर की रेकी करता, अगले दिन अपने स्कूटर पर वापस आता, कुछ दूरी पर पार्क करता, कपड़े बदलता और फिर अंदर घुस जाता। चोरी के बाद, वह गलियों से भाग जाता, फिर से कपड़े बदलता और घर चला जाता।

# प्रदेश का खजाना खाली है, बहुत ज्यादा कर्ज में डूबा है राजस्थान: उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी

**जैसलमेर, एजेंसी।** राजस्थान की वित्त मंत्री और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का कहना है कि पिछली सरकार ने हमें विरासत में राजस्थान का खाली खजाना सौंपा है और प्रदेश बहुत ज्यादा कर्ज में डूबा हुआ है, जिसे हम लोग लगातार बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें टूटी हुई सड़कें मिली थीं, जिन्हें आने के बाद से ही हम ठीक करने के काम में जुटे हुए हैं।



दीया कुमारी ने कहा कि पिछली सरकार अगर अच्छी होती तो वह राजस्थान से जाती ही नहीं। उपमुख्यमंत्री ने यह सारी बातें शनिवार को जैसलमेर में मीडिया से बात करते हुए कहीं। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा, पिछली सरकार तो वैसी ही थी, जैसी हम सब जानते हैं, अगर अच्छी होती तो शायद वह राजस्थान से जाते ही नहीं। लेकिन मैं उनकी बात नहीं करूंगी। एक तो वह हमारे लिए बिल्कुल खाली खजाना छोड़कर गए थे, और दूसरा राजस्थान बहुत बुरी तरह से कर्ज में डूबा हुआ है, जिसे हम लोग लगातार बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं।

पूरे प्रदेश की सड़कें हमें टूटी हुई मिली थीं, हम लोग आने के बाद से ही उनको ठीक करने का काम कर रहे हैं। ऐसे में नई सड़कें बनाना तो आगे की बात है। आगे उन्होंने कहा, जिस तरह की चीजें वह हमें विरासत में देकर गए हैं, उन पर तो मैं कुछ नहीं कहना चाहूंगी, लेकिन मैं ये जरूर कहूंगी, हमारे बजट की जो भी घोषणाएं हैं, उनका मैं समय-समय पर रिव्यू ले रही हूं। फिर चाहे वह महाराणा प्रताप सर्किट हो, जिसका मैंने राजसमंद में रिव्यू लिया था, उसका काम तेज गति से चल रहा है। पुष्कर कॉरिडोर का रिव्यू मैंने पुष्कर में भी लिया था और जयपुर में भी लगातार ले रहे हैं। इसी तरह खाटू श्यामजी कॉरिडोर की रिव्यू मीटिंग भी हम लगातार ले रहे हैं। ट्राइबल सर्किट की समीक्षा भी हम लगातार कर रहे हैं और उसको कैसे करेंगे, कहां करेंगे इस बारे में भी हम लगातार चर्चा कर रहे हैं। सब कुछ हो रहा है, सभी चीजों की डीपीआर बन रही है, कुछ पैसा दिल्ली से आएगा, कुछ पैसा हम लोग लगाएंगे। इसके आगे उन्होंने अपनी सरकार की प्रतिबद्धता बताते हुए और राज्य में पर्यटन के अवसर बढ़ाने को लेकर कहा, हमारी सरकार सिर्फ बातें ही नहीं करेगी, धरातल पर काम भी करेगी और हम लोग फालतू की बड़ी-बड़ी घोषणाएं नहीं करेंगे, जैसी उन लोगों ने की थी। जो काम हो सकता है सचमुच वो करेंगे। टूरिज्म एक ऐसी चीज है, जिसमें आप किसी भी टूरिस्ट को अच्छी व्यवस्थाएं दे दो, अच्छी सड़क दे दो, रहने की जगह दे दो, टॉयलेट्स दे दो, फैसिलिटीज दे दो, कनेक्टिविटी दे दो, उसके बाद आपको कुछ करने की जरूरत नहीं है। हमारे प्रदेश में प्राइवेट सेक्टर भी बहुत सक्षम है, और अच्छा काम करते हैं। उनके साथ मिलकर अगर हम लोग सरकार एक फेसिलिटेटर के रूप में अच्छा काम करे तो मुझे लगता है उसके अच्छे परिणाम आएंगे और प्रदेश में बहुत सारे पर्यटक आएंगे। पिछले साल 23 करोड़ से ज्यादा पर्यटक राजस्थान आए थे, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

# स्वयंभू संत रामपाल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत, उम्रकैद की सजा पर रोक

**चंडीगढ़, एजेंसी।** सतलोक आश्रम बरवाला के स्वयंभू संत रामपाल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2014 में आश्रम के भीतर महिला अनुयायियों की मौत के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे रामपाल की सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। 10 साल से जेल में बंद रामपाल के लिए रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। जस्टिस गुरविंद्र सिंह गिल और जस्टिस दीपिंद्र सिंह नलवा की खंडपीठ ने रामपाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ यह आरोप जरूर है कि उसने महिलाओं को आश्रम में बंद रखा था लेकिन मेडिकल साक्ष्यों को लेकर गंभीर बहस योग्य मुद्दे मौजूद हैं। रामपाल की उम्र 74 वर्ष है और वह पहले ही 10 साल 27 दिन की वास्तविक सजा काट चुका है। साथ ही मृतक के पति और सास ने भी अभियोजन पक्ष का समर्थन नहीं किया।

## डॉक्टरों की रिपोर्ट में महिला की मौत की वजह न्यूमोनिया बताई

रामपाल ने अक्तूबर 2018 में सैशन कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजा निलंबन की मांग की थी। उसे आई.पी.सी. की धारा 343, 302 और 120-बी के तहत दोषी ठहराया गया था। रामपाल के वकील ने दलील दी कि उसे झूठा फंसाया गया है और यह मामला प्राकृतिक मौत का है। डॉक्टरों की रिपोर्ट के अनुसार, महिला की मौत न्यूमोनिया से हुई थी। यहां तक कि मृतका के पति और सास ने भी अदालत में स्वीकार किया कि मृतका एक माह से न्यूमोनिया से पीड़ित थी। बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि 13 अन्य सह-आरोपी पहले ही जमानत पर रिहा हो चुके हैं, इसलिए रामपाल को भी समान आधार पर राहत मिलनी चाहिए। वहीं, राज्य सरकार ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मृतका समेत कई महिलाओं को रामपाल के आश्रम में कैद कर रखा गया था, जहां उसे न तो पर्याप्त भोजन दिया जाता था और न ही रहने की सुविधा।

## 80 प्रतिशत मराठा खेती पर निर्भर, आरक्षण एकमात्र विकल्प : शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में मराठा कोटा आंदोलन के फिर से शुरू हुआ है। इस बीच, एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि इन मुद्दों को हल करने के लिए संवैधानिक संशोधन जरूरी है, क्योंकि आरक्षण पर एक सीमा लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत मराठा लोग खेती पर निर्भर हैं, लेकिन केवल कृषि उनके भविष्य को सुरक्षित नहीं कर सकती, इसलिए आरक्षण ही एकमात्र विकल्प है। पवार ने एक समारोह में कहा कि वे दूसरे सांसदों के साथ संवैधानिक संशोधन की जरूरत पर चर्चा कर रहे हैं। शरद पवार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर 52 प्रतिशत की सीमा तय की है, लेकिन तमिलनाडु में 72 प्रतिशत कोटा को अदालत ने मंजूरी दी थी।

# कोर्ट बीच में नहीं आ सकते, नए ऑनलाइन गेमिंग ऐक्ट को लेकर केंद्र का कर्नाटक हाईकोर्ट को जवाब

**बेंगलुरु, एजेंसी।** नए ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम को लेकर कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा पूछे गए सवाल का केंद्र सरकार ने जवाब दिया है। केंद्र सरकार की ओर से जवाब देने के लिए आए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय को बताया कि इस ऐक्ट को लागू करने में अब अदालतें आड़े नहीं आ सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक बार किसी कानून को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल जाने के बाद उसके ऊपर न्यायिक प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। यह एक संवैधानिक काम है।

## सॉलिसिटर जनरल ने कहा

नए ऑनलाइन गेमिंग ऐक्ट का बचाव करते हुए सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि संसद में पारित होने के बाद और राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी मिलने के बाद इसे रोकने की कोई गुंजाइश नहीं बचती है। इसके बाद जब अदालत ने पूछा कि क्या इस ऐक्ट को लेकर अधिसूचना जल्द ही जारी हो जाएगी? इसका जवाब देते हुए तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा जल्दी ही हो सकता है। सॉलिसिटर जनरल की कर्नाटक हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति बी एम श्यामा प्रसाद की पीठ के सामने दी गई इन दलीलों का मतलब है कि एक वर्ग के विरोध के बावजूद सरकार जल्दी ही असली पैसे वाले इन ऑनलाइन गेम और उनके प्रचार पर बैन लगा देगी। गौरतलब है कि मॉनसून सत्र में सरकार द्वारा लाए गए इस विधेयक और अब ऐक्ट के खिलाफ ए23 (ऑनलाइन रमी और पोकर प्लेटफार्म) की मूल कंपनी हेड डिजिटल वर्क्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कंपनी की तरफ से पेश हुए वकील आर्यमा सुंदरम ने शनिवार को ही हाई कोर्ट ने अनुरोध किया कि ऐक्ट पर फिलहाल अंतरिम रोक लगाई जाए और इसे खारिज करने के अनुरोध पर विचार किया जाए। इसके अलावा सुंदरम ने यह भी अनुरोध किया कि केंद्र सरकार को यह निर्देश दिया जाए कि जब तक उच्च न्यायालय द्वारा इस अधिनियम को जांच नहीं लिया जाता तब तक इसे अधिसूचित नहीं किया जाए।

इस पर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए तुषार मेहता ने कहा कि एक बार राष्ट्रपति की स्वीकृति मिल जाने के बाद इसकी अधिसूचना और उसके बाद इसे लागू होने से नहीं रोका जा सकता। उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और अगली सुनवाई की तारीख 8 सितंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।



# फिटनेस टेस्ट से गुजरे रोहित शर्मा

## एशिया कप से पहले शुभमन गिल समेत ये खिलाड़ी भी पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल एशिया कप 2025 की तैयारियों और फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंच गए हैं. गिल के साथ-साथ वनडे के कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई में पहुंचे हैं. भारतीय टीम के सदस्य 4 सितंबर को दुबई में इकट्ठा होंगे, ताकि 9 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच की तैयारी कर सकें.



38 साल के रोहित शर्मा, जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, वो भी सीओई में फिटनेस टेस्ट के लिए पहुंचे हैं. यह प्रक्रिया रविवार तक पूरी हो सकती है, और यह देखना रोचक होगा कि रोहित, जो अब केवल वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं, नए सीजन की शुरुआत कैसे करते हैं. रोहित अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा सकते हैं. इस फिटनेस टेस्ट के दौरान खिलाड़ियों को ब्रोंको टेस्ट और यो-यो टेस्ट से गुजरना है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, खिलाड़ियों के पहले दिन के टेस्ट हो गए हैं.

वहीं, रविवार को दूसरे दिन के टेस्ट होंगे और फिर नतीजे सामने आ जाएंगे. गिल को हाल ही में वायरल बुखार के कारण चल रहे दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में ईस्ट जोन के खिलाफ नॉर्थ जोन की कप्तानी करने से चूकना पड़ा था. वह चंडीगढ़ में अपने घर पर बीमारी से उबर रहे थे और अब पूरी तरह ठीक होने के बाद बेंगलुरु पहुंचे हैंय इस बार खिलाड़ी अलग-अलग जगहों से दुबई पहुंचेंगे, जो कि पहले की परंपरा से अलग है, जब पूरी टीम मुंबई से एक साथ यात्रा करती थी.

संभावना है कि गिल बेंगलुरु से सीधे दुबई के लिए उड़ान भर सकते हैं. दूसरी ओर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी टेस्ट के लिए पहुंचे हैं, जो एशिया कप खेलने वाले हैं.

### ये खिलाड़ी भी पहुंचे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

गिल के अलावा, विकेटकीपर–बल्लेबाज जीतेश शर्मा भी प्री–टूर्नामेंट तैयारियों के लिए सीओई पहुंच गए हैं. शार्दूल ठाकुर भी प्री–सीजन टेस्ट के लिए जल्द ही सीओई गए हैं. शार्दूल ठाकुर दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में वेस्ट जोन की कप्तानी करेंगे, जबकि जायसवाल और सुंदर, जो एशिया कप के लिए स्टैंडबाय लिस्ट में हैं, घरेलू सीजन के आखिरी चार मैचों में भी हिस्सा लेंगे.

# अश्विन का विदेशी लीग्स में खेलने की अफवाहें के बीच खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद हाल ही में आधिकारिक तौर पर आईपीएल से भी संन्यास ले लिया है। जहां आईपीएल से संन्यास के बाद अश्विन के विदेशी लीग्स में खेलने की अफवाहें उड़ रही थी वहीं अब अश्विन ने खुलासा किया है कि कोचिंग उनका भविष्य हो सकता है। 38 वर्षीय अश्विन ने अपना आईपीएल करियर चेन्नई सुपर किंग्स के साथ समाप्त किया। अपने यूट्यूब चैनल ऐश की बात पर अश्विन ने खुलासा किया कि कोचिंग ही उनका भविष्य है।



अश्विन ने कहा, मैं बहुत आवेगशील व्यक्ति हूं। जब मैं किसी चीज में दृढ़ विश्वास रखता हूं, तो उसके पीछे भागता हूं। अब मैं खेल में आनंद के पीछे भाग रहा हूं। मेरा अगला अध्याय शायद कोचिंग हो सकता है। इसके लिए मैं इसे एक बहुत ही महत्वपूर्ण साधन मानता हूं। मुझे विश्वास है कि खेल मुझे इसके लिए तैयार कर रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि अश्विन ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान उनके खिलाड़ी और कोच की दोहरी भूमिका निभाने पर भी चर्चा हुई थी। उन्होंने आगे कहा, दरअसल, जब मैं राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहा था, तब हमने इस विषय (कोच-कम-खिलाड़ी) पर चर्चा की थी। मैं नाम नहीं लूंगा क्योंकि यह मेरे लिए सही नहीं होगा। लेकिन हमने इस बारे में चर्चा की थी कि क्या कोई क्रिकेटर के रूप में खेलते हुए एक ही समय में कोचिंग की भूमिका भी निभा सकता है। यह बात आगे नहीं बढ़ी।

# थप्पड़कांड वीडियो विवाद पर ललित मोदी का श्रीसंत की पत्नी को जवाब, बोले- मैंने सच साझा किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी ने हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को आड़े हाथों लिया था, क्योंकि उन्होंने 2008 आईपीएल स्लैप-गेट विवाद का अनदेखा वीडियो सार्वजनिक किया। यह घटना श्रीसंत और हरभजन सिंह के बीच हुई थी। अब ललित मोदी ने भुवनेश्वरी की आलोचना का जवाब दिया है।

यह विवाद तब शुरू हुआ, जब एक पॉडकास्ट के दौरान मोदी और क्लार्क आईपीएल के पुराने किस्सों पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान ललित मोदी ने वह अनदेखा क्लिप जारी किया, जिसमें मैच खत्म होने के बाद हैंडशेक के दौरान हरभजन सिंह, श्रीसंत को थप्पड़ मारते नजर आए। इस घटना के चलते हरभजन पर 11 मैचों का प्रतिबंध लगा था। ललित मोदी ने आईएएनएस को बताया, मुझे नहीं पता कि वह (श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी) क्यों नाराज हैं। मुझसे एक सवाल पूछा गया था, और मैंने सच बता दिया। मैं इसमें कुछ नहीं कर सकता। मैं सच बोलने के लिए जाना जाता हूं। श्रीसंत विक्टिम थे और मैंने वही कहा। इससे पहले किसी ने मुझसे यह सवाल नहीं किया था, इसलिए जब क्लार्क ने पूछा तो मैंने जवाब दिया।

मोदी ने माइकल क्लार्क को यह भी समझाया कि यह क्लिप उनकी सिक्योरिटी कैमरा फुटेज से मिली थी, क्योंकि उस समय ब्रॉडकास्टर ने अपने कैमरे बंद कर दिए थे। वीडियो में दिखता है कि पोस्ट-मैच हैंडशेक के दौरान हरभजन ने श्रीसंत को बुलाया और फिर थप्पड़ मार दिया। हालांकि, हरभजन ने इस घटना के लिए कई बार सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी। हालांकि, बाद में दोनों खिलाड़ियों ने विवाद को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद दोनों कमेंट्री पैनल और विज्ञापनों में भी नजर आए। इससे पहले, भुवनेश्वरी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में इस घटना की आलोचना करते हुए इसे घृणित, हृदयहीन और अमानवीय बताया था। भुवनेश्वरी ने लिखा, ललित मोदी और माइकल क्लार्क, आपको शर्म आनी चाहिए। श्रीसंत और हरभजन दोनों ही जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं और अब स्कूल जाने वाले बच्चों के पिता हैं, फिर भी आप पुराने जख्मों को कुरेदने की कोशिश कर रहे हैं। बेहद घिनौना, बेरहम और अमानवीय। श्रीसंत ने भी इंस्टाग्राम पर उनके पोस्ट को रीशेयर किया था।

## कीरोन पोलार्ड का जश्न 24 घंटे भी नहीं चला

# एक ही दिन में आगे निकल गए इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स



**तरौबा, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग के दौरान कीरोन पोलार्ड ने टी20 क्रिकेट में अपने 14000 रन पूरे किए। अब एक दिन बाद ही इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स के भी टी20 में 14 हजार रन हो गए हैं। हेल्स भी इसी लीग में खेल रहे हैं और पोलार्ड की टीम त्रिबानगो नाइट राइडर्स का ही हिस्सा हैं। हेल्स ने गुयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ हुए मुकाबले में 74 रनों की पारी खेली। इसी पारी के दौरान उनके 14 हजार रन पूरे हो गए।

**हेल्स 14 हजार रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज**

एलेक्स हेल्स टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे और इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। हेल्स और पोलार्ड से पहले वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम इस फॉर्मेट में 14000 रन थे। 36 साल के हेल्स ने 2009 में टी20 डेब्यू किया था। अभी तक 505 पारियों में उन्होंने 30 की औसत से 14024 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 7 शतक और 89 अर्धशतक निकले। टी20 में उनका स्ट्राइक रेट 145.44 का है। हेल्स सबसे ज्यादा टी20 रन बनाने वाले एक्टिव बल्लेबाज भी बन गए हैं।

### रनों में पोलार्ड से आगे निकले हेल्स

एलेक्स हेल्स टी20 में रन बनाने के मामले में कीरोन पोलार्ड से आगे निकल गए हैं। पोलार्ड पोलार्ड ने गुनाया के खिलाफ मैच में 12 रन बनाए। इस तरह उनके इस फॉर्मेट में 14012 रन हैं। वहीं हेल्स के 14024 रन हो गए हैं। क्रिस गेल के सबसे ज्यादा 14562 रन हैं। गेल ने 2022 के बाद टी20 नहीं खेला है। ऐसे में पोलार्ड और हेल्स दोनों के पास ही टॉप पर जाने का मौका है।

# मैग्नस कार्लसन 8 महीने पहले जिस कारण मुकाबले से हुए बाहर, FIDE ने उस नियम में किया बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शतरंज की नियम बनाने वाली 101 साल पुरानी संस्था इंटरनेशनल चेस फेडरेशन, फिडे ने अपने ड्रेस कोड में ढील दी है। उसने खिलाड़ियों को आगामी ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस टूर्नामेंटों में उपयुक्त जींस पहनने की अनुमति दी है। फिडे का यह कदम मैग्नस कार्लसन के 'जींस पहनने' विवाद के आठ महीने बाद आया है। मौजूदा पीढ़ी के शतरंज के सबसे महान खिलाड़ी कार्लसन ने जींस पहनने के लिए जुर्माना लगने के बाद फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप को बीच में ही छोड़ दिया था। कार्लसन ने कहा था कि उन्होंने सिद्धांत के आधार पर इस टूर्नामेंट को छोड़ दिया था। उन्होंने बाद में उस विशेष जींस को ईबे पर एक ऑनलाइन नीलामी में 31 लाख रुपये (36,100) में बेच दिया।

**ड्रेस कोड में बदलाव:** ड्रेस कोड में बदलाव के बाद भी कार्लसन के उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले ग्रैंड स्विस इवेंट में खेलने की संभावना नहीं है, लेकिन शुक्रवार (29 अगस्त) को प्रकाशित संशोधित फिडे नियमों का मतलब है कि अन्य खिलाड़ियों को तीन रंगों नीले, काले और भूरे रंग की नॉन-डिस्ट्रेस्ड जींस पहनकर खेलने की अनुमति होगी।

**जींस पहनने की अनुमति:** फिडे के एक बयान में कहा गया है, आधिकारिक ड्रेस कोड के तहत अब उपयुक्त जींस पहनने की अनुमति है। यह बदलाव खिलाड़ियों को ज्यादा आराम और अपनी पसंद चुनने की आजादी देता है।

**विश्वनाथन आनंद ने बताया नियमों में बदलाव की वजह:** फिडे के उपाध्यक्ष और पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने शनिवार को बताया कि शतरंज संस्था ने कई खिलाड़ियों से सलाह-मशविरा करने के बाद यह फैसला लिया।

# अक्षर पटेल से छिनेगी दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी !

## इन प्लेयर्स में किसी को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में बदलावों का दौर चल रहा है। ट्रेड विंडो के तहत कई तरह की बातचीत और कुछ बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं अब दिल्ली कैपिटल्स में अक्षर पटेल को कप्तानी से हटाने की खबरे सामने आई हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 से पहले एक नए कप्तान पर विचार कर रही है। इससे टीम में केएल राहुल या फाफ डु प्लेसिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए भूमिका खुल जाती है। फिलहाल फ्रैंचाइजी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



डीसी कप्तानी के लिए 3 सर्वश्रेष्ठ दावेदार

**फाफ डु प्लेसिस:** फाफ डु प्लेसिस का नाम इस भूमिका के लिए दूसरे सबसे अच्छे उम्मीदवार के रूप में सामने आता है। दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने अपनी राष्ट्रीय टीम के अलावा दुनिया भर की विभिन्न लीगों में कई फ्रैंचाइजी का नेतृत्व किया है। अनुभव की बात करें तो डु प्लेसिस के पास इसकी कोई कमी नहीं है और वह टीम को इतिहास के अब तक के सर्वश्रेष्ठ सीजन तक ले जा सकते हैं।

**केएल राहुल:** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल टीम के सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से एक हैं। आईपीएल 2025 में वह उनकी बल्लेबाजी का अहम हिस्सा थे। टीम में राहुल के महत्व और फ्रैंचाइजी तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव होने के कारण, यह भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प लग रहा है।

**ट्रिस्टन स्टब्स:** दक्षिण अफ्रीकी युवा खिलाड़ी आईपीएल 2025 के दौरान दिल्ली कैपिटल्स टीम के सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों में से एक थे। ट्रिस्टन स्टब्स कैपिटल्स के लिए एक दीर्घकालिक निवेश प्रतीत होते हैं। आगे चलकर कैपिटल्स उन्हें एक लीडर के रूप में प्रोजेक्ट कर सकते हैं और उनके इर्द-गिर्द टीम बना सकते हैं।

# CPL 2025: एक ही मैच में 2 हैट्रिक से चूककर भी छाए इमरान ताहिर, 46 की उम्र में वो किया, जो कोई सोच भी नहीं सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में इमरान ताहिर एक ही मैच में 2 बार हैट्रिक लेने से चूक गए. हालांकि, उससे चूकते हुए 46 साल के गेंदबाज ने वो किया, जिसके बारे में कोई इतनी उम्र में करने की सोच भी नहीं सकता. उन्होंने सीपीएल 2025 में अपने नाम का डंका बजाया.

मुकाबला गयाना अमेजन वॉरियर्स और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के बीच था. इसी मैच में गयाना की ओर से खेल रहे इमरान ताहिर नाइट राइडर्स के खिलाफ एक नहीं दो बार हैट्रिक लेने से चूकते दिखे. ऐसा कैसे हुआ, आइए जानते हैं. हुआ ये कि मुकाबले में गयाना अमेजन वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए. जवाब में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट राइडर्स ने बड़ी जोरदार शुरुआत की. हेल्स और मुनरो की ओपनिंग जोड़ी के बीच पहले 10 ओवर में शतकीय साझेदारी हुई. मगर उसके बाद 11वां ओवर डालने इमरान ताहिर आए.

**ऐसे चूकी पहली हैट्रिक**

46 साल के इस लेग स्पिनर ने मैच में डाले अपने तीसरे और नाइट राइडर्स की इनिंग के 11वें ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर कॉलिन मुनरो और निकोलस पूरन को आउट कर दिया. उसके बाद सबकी निगाहें ओवर की 5वीं गेंद पर जम गई. मगर ताहिर को उस पर सफलता नहीं मिली और वो इस मैच में पहली दफा हैट्रिक से चूक गए.

**ऐसे दूसरी हैट्रिक से भी चूके**

इमरान ताहिर के पास हैट्रिक लेने का एक और मौका आया. उन्होंने अपने तीसरे और नाइट राइडर्स की इनिंग के 11वें ओवर को विकेट के साथ खत्म किया. आखिरी गेंद पर उन्होंने कार्टी को आउट किया. इसके बाद जब वो अपना अगला यानी कि चौथा और नाइटराइडर्स की इनिंग का 15वां ओवर डालने आए तो उन्होंने पहली ही गेंद पर एलेक्स हेल्स को चलता कर दिया. मतलब, अब एक बार फिर से इमरान ताहिर हैट्रिक पर थे. उन्होंने इस बार भी कोशिश भरपूर की. अपने कोटे के आखिरी और नाइट राइडर्स की इनिंग के 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने पोलार्ड को बीट भी किया. मगर वो बच गए. और, इस तरह मैच में दूसरी बार इमरान ताहिर अपने हैट्रिक से चूकते दिखे.



**इमरान ताहिर रहे विकेट लेने वाले टीम के इकलौते गेंदबाज**

दो बार हैट्रिक से चूके इमरान ताहिर नाइट राइडर्स के खिलाफ गयाना के सबसे सफल गेंदबाज रहे. वो इकलौते गेंदबाज रहे जिन्होंने गयान की ओर से इस मैच में विकेट लिए. 46 साल के लेग स्पिनर इमरान ताहिर ने नाइट राइडर्स के खिलाफ 4 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट झटके. हालांकि, ताहिर के अलावा बाकी गेंदबाजों की नाकामी गयाना को भारी पड़ी और उसने 6 विकेट से मैच गंवा दिया.

### उम्र 46 की, फिर भी 2025 में सबसे ज्यादा विकेट

इमरान ताहिर पीएसएल और द हंड्रेड में हैट्रिक ले चुके हैं. सीपीएल 2025 में दो बार उनके लिए मौका बना मगर वो चूक गए. हालांकि, इस चूक के बाद भी इमरान ताहिर सीपीएल 2025 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए. उनके नाम अब तक 12 विकेट हैं. युवाओं का खेल कहे जाने वाले टी-20 क्रिकेट में 46 साल के गेंदबाज के लिए ये एक बड़ी बात है.

# भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित करेगी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- प्रकृति और विज्ञान के संतुलन पर केन्द्रित भारतीय परम्पराओं का गौरवपूर्ण प्रतीक है वैदिक घड़ी
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और ऐप का किया लोकार्पण
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं के मोबाइल में डाउनलोड करवाया विक्रमादित्य वैदिक क्लॉक ऐप
- मुख्यमंत्री निवास पहुंची शौर्य स्मारक से आरंभ हुई भारत का समय-पृथ्वी का समय रैली




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवर्ष ने अपने ज्ञान से सम्पूर्ण ब्रह्मांड को अलौकिक किया है। कालगणना की पद्धति 300 साल पहले तक हमारे देश से दुनिया तक जाती थी। भारतीय संस्कृति का प्रत्येक पहलु प्रकृति और विज्ञान का ऐसा विलक्षण उदाहरण है, जो विश्व कल्याण का पोषक है। इन्हीं धरोहरों के आधार पर निर्मित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय परम्परा का गौरवपूर्ण प्रतीक है। इस घड़ी के माध्यम से भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। विरासत-विकास-प्रकृति और तकनीक के संतुलन का प्रकटीकरण विक्रमादित्य वैदिक घड़ी से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के अनावरण और उसके ऐप लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राजा भोज पर यूट्यूब सीरीज के फोल्डर और खगोल विज्ञान पर फिल्म सीडी का किया विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास के नवनिर्मित द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का मंत्रोच्चार के बीच अनावरण किया। इस अवसर पर शौर्य स्मारक से आरंभ हुई 'भारत का समय-पृथ्वी का समय' रैली मुख्यमंत्री निवास पहुंची। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रैली में शामिल युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के ऐप का लोकार्पण, राजा भोज पर निर्मित यू-ट्यूब सीरीज के फोल्डर का विमोचन और खगोल विज्ञान पर केन्द्रित फिल्म की सीडी का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक घड़ी के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आहवान किया और उपस्थित युवाओं से मोबाइल में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐप भी डाउनलोड करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर वैदिक घड़ी भेंट की गई। भारतीय कालगणना में ऋतुओं के प्रभाव का विशेष महत्व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि सनातन संस्कृति के व्रत, त्यौहार अंग्रेजी कैलेंडर के आधार पर नहीं आते, उनकी गणना में ऋतुओं का प्रभाव शामिल है। सावन-भादो-कार्तिक माह का प्रभाव हम सब अपने जीवन में अनुभव कर रहे हैं। पूर्णिमा और अमावस्या का समुद्र पर प्रभाव ज्वार-भाटा से आंका जा सकता है, इससे हमारी तिथियों की सत्यता भी प्रमाणित होती है। मानसिक रोगियों पर अमावस्या और पूर्णिमा का प्रभाव चिकित्सा शास्त्र भी स्वीकार करता है। मानव शरीर संरचना में 70 प्रतिशत जल का अंश है, जो अमावस्या और पूर्णिमा पर प्रभावित होता है। इसी का परिणाम है कि मानसिक चिकित्सालयों को अमावस्या और पूर्णिमा पर विशेष सतर्कता बरतने के स्थाई निर्देश हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में समय की गणना सूक्ष्मतम स्तर तक की गई है। सनातन संस्कृति में सूर्योदय से सूर्योदय तक की गणना का विधान है। इस प्राचीन गणना में 30 मुहूर्त हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में विभिन्न सिद्धांतों पर विचार-विमर्श के लिए कोई बंधन या दंड नहीं है, जबकि कालगणना पर वैचारिक मतभेद के कारण मृत्युदंड देने का उद्धरण पश्चिम के इतिहास में मिलता है। पंचांग भारतीय कालगणना की शुद्धता और सटीकता का हैं जीवंत उदाहरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खगोलीय अध्ययन के लिए सूर्य से बनने वाली छाया के आधार पर सूर्य की गति की गणना की गई। उन्होंने बताया कि भारत का केन्द्र उज्जैन है और उज्जैन का केन्द्र वर्तमान में डोंगला में स्थित है। डोंगला का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से जुड़ता है। संभवतः डोंगला के इस महत्व से ही भगवान श्रीकृष्ण का आगमन हुआ था। पंचांग भारतीय कालगणना की शुद्धता और सटीकता का जीवंत उदाहरण हैं। पंचांग के विद्वान चंद्रग्रहण, सूर्यग्रहण, तिथि, नक्षत्र, वार, व्रत, त्यौहार और मुहूर्तों की जानकारी वर्तमान में भी त्वरित रूप से उपलब्ध कराते हैं।

प्रदेशवासियों द्वारा दिया गया अधिकार और लोगों का भरोसा ही हमारी सरकार का आधार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास के द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री निवास केवल मुख्यमंत्री का नहीं, अपितु सभी प्रदेशवासियों की धरोहर है। प्रदेशवासियों द्वारा दिया गया अधिकार और लोगों का भरोसा ही हमारी सरकार का आधार है। भारतीय संस्कृति के अतीत के गौरवशाली पृष्ठों का प्रकटीकरण हमारा दायित्व है। इसी का परिणाम है कि हमारी कालगणना का केन्द्र उज्जैन है, परंतु कालगणना की पद्धति की जानकारी प्रदेश की राजधानी में हो, इसके लिए प्रयास करते हुए विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की स्थापना भोपाल में की गई। भारतीय कालगणना की पद्धति की जानकारी का वैश्विक रूप से भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैदिक घड़ी के ऐप के माध्यम से हम अपने मोबाइल में वैदिक घड़ी का संचालन कर सकते हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा और संस्कृति विभाग के इस आयोजन में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम आजादी के अमृतकाल में चल रहे हैं। पूरी दुनिया का समय बदल रहा है, पश्चिम के बाद अब पूर्व का समय आया है।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए हैं प्रतिबद्ध

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने दृष्टिकोण को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्हीं के प्रयासों से वर्ष 2014 में दुनिया के अंदर यूनेस्को के माध्यम से योग को पुनर्स्थापित किया गया। भारत का ज्ञान, कौशल और विशेषता केवल भारत के लिए नहीं है, यह समूची मानवता के लिए है। भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए इस भाव से प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हम निरंतर सक्रिय और अग्रसर हैं।*

### सुशासन के उच्चतम मापदंडों के आधार पर वर्तमान व्यवस्थाओं का हो रहा है संचालन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुशासन के आधार पर ही विक्रमादित्य काल वर्तमान समय तक याद किया जाता है। सुशासन के इन्हीं उच्चतम मापदंडों के आधार पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान में व्यवस्थाओं का संचालन हो रहा है। उनके प्रत्येक निर्णय से देश गौरवान्वित होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी हर परिस्थिति में हमारे वैज्ञानिकों, सैनिकों, किसानों सहित देश के लिए समर्पित प्रत्येक व्यक्ति के साथ हैं।*

### सनातन संस्कृति को सहेजने की पहल सराहनीय और वंदनीय

*खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि उस राष्ट्र का भविष्य ही सुरक्षित रहता है, जो अपने अतीत और संस्कृति को प्रतिबद्धता के साथ आत्मसात करता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन की ध्वजा चहुंओर लहरा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछले लगभग दो वर्षों में विकास और जनकल्याण के साथ सनातन संस्कृति को सहेजने की जो पहल की है, वह सराहनीय और वंदनीय है। कार्यक्रम को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद श्री आलोक शर्मा, वैदिक घड़ी के अन्वेषणकर्ता श्री आरोह श्रीवास्तव, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे और महर्षि सांदीपनि विश्वविद्यालय के कुलगुरू पंडित शिवशंकर मिश्र ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री विष्णु खत्री, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, अध्यक्ष नगर निगम श्री किशन सूर्यवंशी, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।*

### वैदिक घड़ी और ऐप की विशेषताएं

*विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है, जो भारतीय परंपरा, वैदिक गणना और वैज्ञानिक दृष्टि का अद्भुत संगम है। यह भारत की सांस्कृतिक धुरी बनकर वैश्विक भाषाओं, परंपराओं, आस्था और धार्मिक कार्यों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी। साथ ही विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के तैयार किये गये मोबाइल ऐप में 3179 विक्रम पूर्व, महाभारतकाल से लेकर 7 हजार से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहारों की दुर्लभ जानकारियां समाहित की गई हैं। धार्मिक कार्यों, व्रत और साधना के लिए 30 अलग-अलग शुभ मुहूर्तों की जानकारी एवं अलार्म की सुविधा भी है। प्रचलित समय में वैदिक समय (30 घंटे), वर्तमान मुहूर्त स्थान, ऋटळ और करळ समय, तापमान, हवा की गति, आर्द्रता एवं मौसम संबंधी सूचनाएं भी लोगों को उपलब्ध करायी गई है। यह ऐप 189 से अधिक वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है। इसमें दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त की गणना तथा इसी आधार पर हर दिन के 30 मुहूर्तों का सटीक विवरण शामिल है।*

## नगर निगम ने हटाए विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण ठेले, गुमठी आदि किये जप्त

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व अन्य सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निमार्णों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण कर दुकानों के बाहर रखा सामान, सब्जी सहित अन्य प्रकार की दुकाने, तम्बू, ठेले, गुमठी, काउंटर, पान पार्लर के अलावा आवागमन में बाधक कंडम वाहन, बिरयान की गाड़ी व अवैध रूप से बनाये गये टपरे, छप्पर, शेड आदि को हटाया और ठेले व गुमठी किये जप्त। निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सोमवार को कोहेफिजा मेन रोड, चंचल चौराहा बैरागढ़, शिवनगर, भानपुर ब्रिज, विश्वकर्मा नगर करोद, मुल्ला कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बड़वई, अयोध्या बायपास मार्ग, भोपाल मेमोरियल हास्पिटल, काजी कैम्प, कमलापार्क, बोट क्लब, इंद्रपुरी, वृंदावन चौराहा, लिंक रोड नं. 01,02 व 03, रंगमहल, न्यू मार्केट, मैनिट, भारतमाता चौराहा,



सरस्वती नगर, नेहरू नगर, ललिता नगर, कोलार रोड, जेके हास्पिटल, सिग्नेचर 99, सौम्या विहार, सीआई होम्स, मंदाकिनी परिसर, चूना भट्टी, सर्वधर्म पुलिया आदि क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाते हुए निगम अमले ने कोहेफिजा क्षेत्र में आवागमन को बाधित करने वाले 02 कंडम वाहन, 01 बिरयान की गाड़ी, अयोध्या बायपास क्षेत्र में अवैध रूप से बना टपरा, करोद मुल्ला कालोनी व बड़वई क्षेत्र में अवैध रूप से बनें छप्पर, कमला पार्क व वर्धमान पार्क क्षेत्र में अवैध रूप से बना शेड, मैनिट रोड पर लगे तंबू को हटाया साथ ही बड़ी संख्या में सब्जी व अन्य प्रकार के खाद्य पदार्थों आदि के ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर आदि को हटाते हुए 04 ठेले व 01 गुमठी जप्त की। निगम अमले ने अनेक स्थानों पर दुकानों के बाहर रखा सामान भी हटवाया। निगम अमले ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के पश्चात पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश देते हुए चेतावनी भी दी कि यदि पुनः अतिक्रमण पाया जाता है तो और अधिक सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## आयोजित गणेश महोत्सव इस बार खास चर्चा में

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** नवयुवक व्यापारी मंडल श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा नरेला में आयोजित गणेश महोत्सव इस बार खास चर्चा में है। भेल टाउनशिप में पहली बार आयोजित ''महातंबोला'' ने रविवार को क्षेत्रवासियों को एक अलग ही अनुभव दिया। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई इनाम जीतने की उम्मीद में बैठा रहा और मंच पर हर बार ताली और खुशियों की गूंज सुनाई देती रही। LED टीवी से लेकर चांदी के सिक्कों तक, बंपर इनामों की बारिश तंबोला के विजेताओं के लिए इस बार बड़े-बड़े इनाम रखे गए थे। प्रमुख उपहारों में: 55 इंच की LED टीवी वाशिंग मशीन 5 स्मार्टफोन होम थिएटर सिस्टम स्मार्ट वॉच जूसर मिक्सर चांदी के सिक्के और अन्य घरेलू उपयोगी व आकर्षक उपहार शामिल थे। इन सभी उपहारों को समिति के महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष श्री शैली छाबड़ा द्वारा स्वयं के सौजन्य से प्रदान किया गया। छाबड़ा ने कहा, समिति का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ना है। हजारों की भीड़, परिवारों ने उठाया आनंद रविवार शाम भेल टाउनशिप परिसर में लगभग 3000 से ज्यादा लोग एकत्रित हुए। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर माहौल को और भी रंगीन बना दिया। मंच पर जैसे ही नंबर पुकारा जाता, भीड़ में उत्सुकता बढ़ जाती और जैसे ही कोई ह्लहाउस फुलह्न होता झ्र तालियों की गूंज चारों ओर सुनाई देती। डांस कंपटीशन में भोपाल के युवा दिखाएंगे हुनर गणेश महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, इसमें भोपाल के अलग-अलग इलाकों से 20+ डांस ग्रुप्स हिस्सा लेने आ रहे हैं। मंच पर बच्चों से लेकर युवाओं तक का टैलेंट देखने को मिलेगा। 9 वर्षों से लगातार हो रही है श्री गणेश की स्थापना नवयुवक व्यापारी मंडल समिति द्वारा पिछले 9 वर्षों से लगातार गणेश जी की स्थापना की जा रही है। हर साल कुछ नया करने की सोच रखने वाली समिति इस बार भी शहरवासियों के लिए ढेरों कार्यक्रम लेकर आई है – जैसे: भजन संध्या हाऊजी गेम्स मेंहदी प्रतियोगिता रंगोली स्पर्धा आरती प्रतियोगिता समिति के प्रमुख पदाधिकारी: अध्यक्ष - ज्ञानेन्द्र शर्मा महासचिव- मनीष तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष - ललित बडोने महामंत्री व कोषाध्यक्ष- शैली छाबड़ा समिति ने बताया कि यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, एक सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का उत्सव है। आने वाले दिनों में और भी कार्यक्रम तय हैं, जिनकी जानकारी सोशल मीडिया व पोस्टर्स के माध्यम से दी जाएगी । भोपालवासियों के लिए यह गणेशोत्सव सिर्फ पूजा नहीं, एक सामाजिक मिलन और उत्सव का प्रतीक बन गया है।






# सबके साथ, सबके विकास के लिए सबके प्रयासों एवं सबको विश्वास में लेकर बढ़ रहे हैं आगे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों तक हेलीकॉप्टर से पहुंचाएंगे पर्यटकों को

### कानून-व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, असामाजिक तत्वों का करेंगे सफाया

**मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए अनुकूल है। प्रदेश में बड़ी मात्रा में निवेश लाने के लिए हमने कई अप्रासंगिक कानून बदले हैं। उद्योग लगाने के लिए शासकीय अनुमतियां भी कम से कम कर दी हैं।**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश कई मामलों में देश में अव्वल है। प्रदेश को और आगे ले जाना है। हमारी सरकार खेती-किसानी, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण और नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना के जरिए प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हमारी सरकार सबके साथ और सहयोग से सबके विकास के लिए साझा प्रयासों एवं सबको पूरे विश्वास में लेकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित 'इमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव (भोपाल चैप्टर)' में मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कान्क्लेव में मध्यप्रदेश की विशेषताओं के बारे में विस्तार से चर्चाकर प्रदेश के नवनिर्माण एवं बेहतरी के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया संवाद में कहा कि हम प्रदेश के किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना चाहते हैं। इसीलिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन से दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, आधुनिक खेती के प्रोत्साहन और किसानों को सम्मान निधि देकर उनके जीवन में स्वावलंबन लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग रोजाना नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना हो रही है। इससे हमारे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार जिले में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होना है। इससे पहले बुधवार, 3 सितम्बर को नई दिल्ली में पीएम मित्रा पार्क में निवेश के लिए इच्छुक निवेशकों के साथ मीटिंग एवं वन-टू-वन चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन सहित मेडिकल टूरिज्म के साथ फारेस्ट और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म की ओर स्पेशल फोकस किया जा रहा हैं। प्रदेश के 13 प्रमुख तीर्थस्थानों में स्थायी प्रकार के निर्माण कार्यों एवं नियमित प्रबंधन कर इनका विकास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमहाकाल लोक के निर्माण के बाद उज्जैन में तेजी से टूरिज्म बढ़ा है। वर्ष 2024 में करीब 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन आए। इसी से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार अब प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाने का प्रबंध कर रही है। बहुत जल्द हम प्रदेश में इसकी शुरूआत करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का दिल है। मध्यप्रदेश की देश में केंद्रीय स्थिति का हम समुचित लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भरपूर लैंड बैंक, सरप्लस बिजली और मजबूत अधोसंरचना है। मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए अनुकूल है। प्रदेश में बड़ी मात्रा में निवेश लाने के लिए हमने कई अप्रासंगिक कानून बदले हैं। उद्योग लगाने के लिए शासकीय अनुमतियां भी कम से कम कर दी हैं। हम निवेशकों के हित में 18 नई औद्योगिक नीतियां भी लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। असामाजिक और गुंडा तत्वों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं है। कानून को अपने हाथ में लेने वाले ऐसे तत्वों का प्रदेश से सफाया कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम राज्य की बेहतरी के लिए नए फैसले लेने में पीछे नहीं हटेंगे। लोकलुभावन वादों की जगह हम जनहित के निर्णयों पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया संवाद कार्यक्रम में एक निजी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे हाईजीन प्रोग्राम के पोस्टर्स का विमोचन किया और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, मीडिया समूह के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048